# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025








आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹88428/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹108000/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹117892/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels, Pandri, Raipur

*Conditions apply


# नवा रायपुर में 9 फाइटर प्लेन के साथ उड़ेंगे जांबाज, इनमें महासमुंद के गांव का गौरव भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

नवा रायपुर के सेंध लेक के ऊपर एयरफोर्स के फाइटर प्लेन बुधवार को एयर शो का शानदार प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए लाल-सफेद रंगों वाले 9 फाइटर प्लेन और उनके पायलट शहर आ चुके हैं। मंगलवार को ▶▶|शेष पेज 7 पर

## लाल-सफेद रंग वाले 9 फाइटर प्लेन रायपुर पहुंचे, आज होगा फुल ड्रेस रिहर्सल

### सोमवार को हुआ रिहर्सल

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के रनवे में कड़ी सुरक्षा में फाइटर प्लेन रखे गए हैं। सोमवार को इनमें से तीन ने विमानों को एयरपोर्ट के आसपास आकाश में दोपहर अपना पूर्वाभ्यास किया। सूत्रों का कहना है कि एयर शो के दौरान करीब दो से ढाई घंटे क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाएगा। इस दौरान रायपुर एयरपोर्ट में आने वाले कुछ विमानों की आवाजाही में बदलाव किया जाएगा।





### सपना पूरा करेगा महासमुंद का गौरव पटेल

फाइटर प्लेन में उड़ान भरने वाले स्क्वॉडन लीडर गौरव महासमुंद के अर्जुनी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि देश-विदेश में शो करने के दौरान उनका सपना था कि छत्तीसगढ़ के आसमान में वे अपना शो करें, उनका यह सपना पूरा होने वाला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में बताया कि बचपन से उनकी इच्छा पायलट बनने की थी। पिथौरा के शासकीय स्कूल के बाद उन्होंने सैनिक स्कूल फिर एनडीए की पढ़ाई कर एयरफोर्स में चले गए। गौरव देश के अलावा विदेशों में जाकर सात सौ से अधिक शो कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### लिलेझर में मासूम दो बच्चे की डूबने से हुई मौत



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत लिलेझर के परचारीपारा में दो बच्चे का तालाब में डूबने से मौत हो गया। लिलेझर निवासी दुर्योधन परतेती ने पुलिस को बताया कि 9 वर्षीय सुर्यकांत परतेती 2 नंवबर को शाम 4 बजें खेलने के लिए गया थ। इसी दौरान तालाब में सुर्यकांत और चंद्रहास दोनो नहाने के लिए तालाब में उतरे। नहाते समय पानी में डूबने से सूर्यकांत और 7 वर्षीय चंद्रहास का मौत हो गई। परिजनों ने ईलाज के लिए 2 नवंबर की शाम को 6 बजे चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे, तब पुलिस को जानकारी मिली। इस घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

### ईडी ने कसा शिकंजा, धनशोधन मामले में संपत्तियां कुर्क, यस बैंक ने रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को दिया था कर्ज

# अनिल को 3084 करोड़ रुपए का झटका, घर से दफ्तर तक सब अटैच

**ईडी ने अनिल अंबानी पर शिकंजा कसा है। केंद्रीय एजेंसी ने रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 40 से ज्यादा प्रॉपर्टीज को अटैच कर दिया है। प्रॉपर्टीज में अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी है। अटैच की गई प्रॉपर्टीज की कुल वैल्यू 3,084 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह कार्रवाई धनशोधन मामले में की गई है, जिसमें यस बैंक से लिए लोन का फंड डायवर्जन का मामला शामिल है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 3084 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत संपत्तियों को कुर्क करने के लिए चार अनंतिम आदेश जारी किए थे। इन संपत्तियों में अंबानी (66) का मुंबई के पाली हिल स्थित घर और उनके समूह की कंपनियों की अन्य आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं। दिल्ली में महाराजा रणजीत सिंह मार्ग पर रिलायंस सेंटर का एक भूखंड तथा राष्ट्रीय राजधानी, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई ▶▶|शेष पेज 7 पर

पाली हिल वाले घर पर भी केंद्रीय एजेंसी का कब्जा



### किन शहरों में फ्रीज हुई प्रॉपर्टी

ईडी का यह एक्शन पीएमएलए के तहत हुआ है। एजेंसी ने 31 अक्टूबर 2025 को जारी किए आदेश में पीएमएलए के सेक्शन 5(1) का जिक्र किया है। गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा, मुंबई, पुणे, थाने, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और ईस्ट गोदावरी है। बता दें, ईडी ने ग्रुप से जुड़ी 40 से अधिक प्रॉपर्टीज को फ्रीज किया है। जिसकी कीमत 3084 करोड़ रुपए है।

### क्या है ईडी का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय का कहना है कि जरूरी जांच और व्यक्तिगत मीटिंग को किनारे करते हुए यह फंड जारी किए गए हैं। कई मामालों में एप्लीकेशन, अप्रूवल और एग्रीमेंट एक ही दिन में पूरा कर लिया गया है। वहीं, पैसो लोन पास होने से पहले ट्रांसफर कर दिया गया है।

### क्या है मामला?

यह पूरा मामला 2017 से 2019 के बीच का है। यस बैंक ने इस दौरान रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड में 2965 करोड़ रुपए और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड में 2045 करोड़ रुपए का निवेश किया था। आरोप है कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड ने जो फंड इकट्ठा किया उसका गलत उपयोग किया गया है। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड पर 1353.50 करोड़ रुपए और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड का 1984 करोड़ रुपए का बकाया अब भी है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि अनिल अंबाी की ग्रुप की कंपनियों में रिलायंस निप्पन फंड द्वारा प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति नहीं थी। इसमें म्यूचुअल फंड के हितों के टकराव की बात सामने आ रही थी। जिसकी वजह से अनुमति नहीं मिली थी। इन प्रतिबंधों से बचने के लिए म्यूचुअल फंड से जुटाए लोगों के पैसों को कथित तौर पर यस बैंक के जरिए अनिल अंबानी की कंपनियों तक पहुंचाया गया था। जांच में पता चला की यस बैंक के जरिए रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड को दिए लोने के जरिए पैसा मिला।

### आत्मानंद स्कूल में ऐसी लापरवाही

## छुट्टी के बाद पहली की छात्रा स्कूल में बंद रह गई, मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला, हरणगढ़ में सोमवार को गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। स्कूल की छुट्टी के बाद शिक्षकों और चपरासी की लापरवाही के कारण कक्षा पहली की छात्रा कक्षा में ही बंद रह गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी-8 निवासी गुंजन मंडल रोजाना स्कूल बस से घर लौटती थी। लेकिन सोमवार को जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने आसपास ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नींद में रह गई छात्रा, किसी ने नहीं देखा

बताया गया कि छुट्टी के दौरान बच्ची कक्षा में ही सो गई थी। किसी शिक्षक या चपरासी ने ध्यान नहीं दिया और बिना जांचे कक्षा में ताला लगाकर स्कूल बंद कर दिया गया। प्रधान पाठिका दिक्षिका साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत चपरासी को फोन कर ताला खुलवाया। बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने स्कूल प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। मामले की सूचना पर स्कूल के प्राचार्य मौके पर पहुंचे और परिजनों से लापरवाही के लिए माफी मांगी।






### अगली सुनवाई 18 नवंबर को

## चैतन्य की जमानत याचिका पर ईडी को हाईकोर्ट का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर को निर्धारित की गई है। ध्यान रहे कि इससे पहले चैतन्य की जमानत याचिका ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्या है आरोप

गौरतलब है कि ईडी ने 18 जुलाई को चैतन्य बघेल को भिलाई स्थित घर से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि शराब घोटाले से लगभग 16.70 करोड़ रुपए की अवैध राशि उन्हें प्राप्त हुई। जांच एजेंसी का दावा है कि इस रकम का उपयोग उन्होंने रियल एस्टेट कारोबार में किया। इसमें “विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट” में नकद लेनदेन और फर्जी फ्लैट खरीद के जरिए यह राशि निवेश होने की बात सामने आई। बैंकिंग लेनदेन से यह भी संकेत मिले हैं कि यह पैसा शराब सिंडिकेट से जुड़े लोगों के माध्यम से पहुंचा।

### एक माह तक घर-घर दस्तक

## छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्यों में आज से होगा एसआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अद्यतन करने की कवायद ‘विशेष गहन पुनरीक्षण’ (एसआईआर) मंगलवार को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू होगी। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया सात फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगी। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 51 करोड़ मतदाता हैं। बिहार के बाद एसआईआर का यह दूसरा चरण है। बिहार में अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को ▶▶|शेष पेज 7 पर




### 4 दिसंबर तक पूरी होगी प्रक्रिया

एसआईआर की प्रक्रिया चार नवंबर को शुरू होगी और चार दिसंबर तक जारी रहेगी। निर्वाचन आयोग नौ दिसंबर को मतदाता सूची का मसौदा जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। इससे पहले 2002-04 में एसआईआर किया गया था।




छत्तीसगढ़ 25 वां स्थापना दिवस

# छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर अद्वितीय राजनेता जनता का सेवक प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री
# स्व. अजीत जोगी जी के अभूतपूर्व योगदान के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से...

## Thank You...

आपको भूलने नहीं देंगे...



**1 नवंबर 2000,**
भारत के मानचित्र पर उदय हुआ
देश का 26 वां राज्य

## छत्तीसगढ़



"मैं सपनों का सौदागर हूँ" - अजीत जोगी

### छत्तीसगढ़ स्वप्नदृष्टा

## स्व. श्री अजीत जोगी जी का ऐतिहासिक योगदान

- नारी शक्तिकरण और क्षेत्रीय अस्मिता का प्रतीक, छत्तीसगढ़ की विधानसभा का नाम "**मिनीमाता विधानसभा भवन**" रखा
- **अलग विद्युत बोर्ड** बनाकर राज्य को देश का पहला '**पावर सरप्लस**' राज्य बनाया
- **कोरबा वेस्ट** और सीपत में **NTPC** सुपर थर्मल पॉवर प्लांट खोला
- संत गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी में कुतुब मीनार से दोगुने ऊँचे "**जैतखंभ**" का निर्माण कर दलित सशक्तिकरण का अमर संदेश दिया
- केन्द्र के समर्थन के बिना, भारत के इतिहास में पहली बार, किसानों से एमएसपी पर सीधे **धान की खरीदी** की शुरुआत की
- 20,000 गांवों में छोटी डबरियों के निर्माण की योजना शुरू की, जो आगे चलकर "**जोगी डबरी योजना**" के नाम से प्रसिद्ध हुई
- **HNLU** की स्थापना की
- **तीन वर्षीय चिकित्सा पाठ्यक्रम** की शुरुआत की
- राष्ट्रीय ASHA कार्यक्रम की अग्रणी "**मितानिन**" योजना शुरू की
- रायपुर में **AIIMS** की नीवं रखी
- बिलासपुर में **CIMS** एवं **APOLLO** की स्थापना की
- रायपुर में **एस्कॉर्ट हेल्थ सेंटर** की स्थापना की
- गनियारी में **जन स्वास्थ्य सहयोग** (जेएसएस) अपस्ताल की शुरुआत की
- बस्तर में **नगरनार स्टील संयंत्र** की शुरुआत की
- कवर्धा, बालोद और सरगुजा में **शक्कर कारखाना** की स्थापना की
- बंद **स्पंज आयरन प्लांट्स** व **राइस मिल्स का पुनरुद्धार** किया तथा रायगढ़, सिलतरा, सिरगिट्टी में **नए औद्योगिक पार्क** स्थापित किए
- छत्तीसगढ़ की नयी राजधानी "**नया रायपुर**" के स्वरूप को बनाया
- बिलासपुर में **हाई कोर्ट** की स्थापना की
- पहली **राजधानी एक्सप्रेस** व **दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस** की शुरुआत की
- रायपुर में **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम** व राजनांदगांव में **हॉकी एस्ट्रोटर्फ** की नींव रखी



श्रीमती रेणु जोगी



**25 वां स्थापना दिवस**
केवल एक उत्सव नहीं,
बल्कि एक जागरण
का अवसर है।



श्री अमित जोगी

समस्त छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से **स्व. श्री अजीत जोगी एवं जोगी परिवार का** धन्यवाद

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने दी बधाई**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को पहला विश्व कप जीतने पर सोमवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि खेल को और ऊंचाइयों तक ले जाएगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा, लड़कियों ने जिस तरह से भारत का मान बढ़ाया है, मैं उसकी सराहना करती हूँ।

# बेटियों पर जमकर बरसा पैसा, बीसीसीआई देगा 51 करोड़, मिले हीरे-जवाहरात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम और उसके सहयोगी स्टाफ को पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप खिताब जीतने के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। इसके अलावा सूरत के उद्योगपति गोविंद ढोलकिया ने खिलाड़ियों को हीरे के आभूषण और सौलर पैनल देने की घोषणा की है। इसके अलावा मप्र की खिलाड़ी क्रांति गौड़ को सीएम मोहन यादव ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

- सूरत के उद्योगपति ने हीरे के आभूषण और सौलर पैनल देने का किया ऐलान
- अमिताभ बच्चन, काजोल समेत विभिन्न हस्तियों ने महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई
- ओमेक्स ने क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर को बनाया ब्रांड एम्बैसडर



### हिमाचल सरकार रेणुका को देगी एक करोड़

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विश्व चैंपियन बनी भारतीय महिला विश्व कप टीम की सदस्य तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर के लिए एक करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। रेणुका शिमला जिले के रोहड़ू की रहने वाली हैं।

### महिला क्रिकेटरों को हीरे के गहने देंगे उद्योगपति

सूरत के उद्योगपति और राज्यसभा सदस्य गोविंद ढोलकिया ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हीरे के आभूषण और सौलर पैनल इनाम में देने की घोषणा की है। ढोलकिया ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने टीम की हर सदस्य को हस्तनिर्मित प्राकृतिक हीरे के आभूषण' भेंट करने की इच्छा व्यक्त की।

**मप्र के सीएम ने किया ऐलान**

- क्रांति को कुल 9.5 करोड़ की राशि मिलेगी, इसमें आईसीसी के 3.5 व बीसीसीआई के 5 करोड़ भी शामिल



## स्टार गेंदबाज क्रांति को मिला 1 करोड़ का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं था कि मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी बेटी को सम्मान देने का बड़ा ऐलान कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर की स्टार गेंदबाज क्रांति गौड़ को 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने क्रांति को बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की बेटी ने न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का दीपक जला दिया। यह घोषणा क्रांति के परिवार और घुवारा गांव के लिए खुशी का पल है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### पूर्व कोयला सचिव और प्रवर्तकों को किया बरी




**नई दिल्ली।** विशेष अदालत ने फतेहपुर पूर्व कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में आरकेएम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता और तीन अन्य को आरोपमुक्त कर दिया है। इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

### बस और जीप में टक्कर तीन भाइयों की मौत

**बांदा।** चित्रकूट जिले में रविवार देर रात झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक रोडवेज बस और जीप की आमने-सामने की टक्कर में तीन भाइयों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान मोहित (14), उसके सगे भाई सुभाष (छह) और उनके चचेरे भाई रोहित (24) के रूप में हुई है। रविवार देर रात झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में खोह गांव के नजदीक टक्कर हो गई ।

### दो करोड़ की रिश्वत मांगने पर एसआई गिरफ्तार



**पुणे।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आर्थिक अपराध के एक मामले में एक आरोपी के वकील से दो करोड़ रुपए रिश्वत मांगने और उसकी एक किश्त के रूप में 45.5 लाख रुपए स्वीकार करने के आरोप में यहां एक पुलिस उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। मुवक्किल के पिता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### सर्विस राइफल के चलने से जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को एक शिविर के अंदर कथित तौर पर सेना के एक जवान की सर्विस राइफल गलती से चल गई जिससे उसकी मौत हो गई। नायक अमरजीत सिंह संतरी की ड्यूटी पर थे जब झुलास गांव में शिविर में उनकी सर्विस राइफल के गलती से चल जाने से उन्हें गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल जवान को सेना के फील्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### बिहार चुनाव, उपचुनाव में 100 करोड़ की जब्ती




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों ने बिहार और अन्य प्रदेशों, जहां विधानसभा उपचुनाव होने हैं। वहां से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और अन्य वस्तुएं जब्त की हैं। तीन नवंबर तक विभिन्न राज्यों से 9.62 करोड़ रुपये नकद, 42.14 करोड़ रुपए की शराब जब्त की।

देश में दो बड़े हादसे, राजस्थान में 14 और तेलंगाना में 19 की गई जान

# मालिक से विवाद के बाद नशेड़ी ड्राइवर ने डंपर से 50 को रौंदा, 14 की मौत



*देश में सोमवार को दो बड़ी घटनाओं ने लोगों का दिल दहला दिया। मालिक से विवाद के बाद नशे में धुत एक डंपर चालक ने कई वाहनों समेत करीब 50 लोगों को रौंद दिया। जयपुर में डंपर चालक ने तेज रफ्तार में पहले बाइक को रौंदा और फिर सड़क पर मौजूद लोगों और अन्य वाहनों को कुचलता चला गया। इस हादसे में 14 की मौत हो गई। इधर, तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई।*

एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर के हरमाड़ा इलाके में तेज रफ्तार डंपर ने सोमवार दोपहर तबाही मचा दी। डंपर ने अपने सामने आए कई वाहनों को टक्कर मारी जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई व 10 घायल हो गए। जयपुर के कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी बताया कि यह डंपर रोड नंबर 14 से लोहा मंडी पेट्रोल पंप की ओर तेज गति से जा रहा था और रास्ते में आने वाले वाहनों को टक्कर मारता चला गया। सोनी ने बताया, 14 लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा तथा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

- नशे में धुत डंपर चालक ने कम से कम 17 वाहनों को मारी टक्कर



### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में डंपर को 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ़्तार से दौड़ते हुए वाहनों को टक्कर मारते और मोटरसाइकिल सवारों को कुचलते हुए देखा जा सकता है। इस दुर्घटना के बाद इलाके के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और कानूनों को सख्ती से लागू करने की मांग की।

### नशे में था चालक या रोड रेज में कुचला?

डंपर चालक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की है। जहां इसे ब्रेक फेल होने का मामला माना गया तो कई चश्मदीदों ने चालक के नशे में होने का दावा किया। वहीं, कुछ लोगों ने यह भी कहा कि मालिक से चालक की बहस के बाद वह सबको कुचलते हुए भागने लगा।



मृतकों में 10 महिलाएं

## हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर डंपर ने बस को मारी टक्कर, 19 की मौत

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। ट्रक चेवेल्ला के पास तेलंगाना सड़क परिवहन निगम की बस से टकरा गया जिसके बाद बजरी बस पर गिर गई। मारे गए 19 लोगों में 10 महिलाएं शामिल हैं। तांडूर से हैदराबाद जा रही बस का चालक भी हादसे में मारा गया। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मीडिया को बताया कि राज्य सरकार मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देगी। बस कंडक्टर के अनुसार, दुर्घटना के समय बस में 72 यात्री सवार थे। बस पर बजरी गिरने से कई यात्री वाहन के अंदर फंस गए और अधिकारियों ने मशीनों की मदद से बचाव एवं राहत अभियान चलाया।

### पीएम ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना में लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

## हर मैच के लिए आकांक्षा ने रखा प्लेयर्स को फिट

कवर्धा की बेटी ने टीम इंडिया को बनाया मजबूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कवर्धा नगर के ठाकुर पारा की रहने वाली नगर की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी ने न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने नाम का डंका बजाया है। आकांक्षा के पिता कवर्धा पीएचई विभाग में एसडीओ के पद में रह चुके हैं। सेवानिवृत्त के बाद रायपुर में निवासरत हैं। हाल ही में जिस ऐतिहासिक जीत की बात हो रही है, उस महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने में आकांक्षा ने फिजियोथैरेपिस्ट एवं ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि तत्काल

### राष्ट्रीय टीम में योगदान

आकांक्षा ने शुरुआत में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से जुड़कर काम किया और इसके बाद बीसीसीआई ने उन्हें राष्ट्रीय महिला टीम के असिस्टेंट फिजियो के रूप में मौका दिया। उनका ▶▶|शेष पेज 7 पर

### वर्ल्ड कप जीत में भूमिका एवं जिला गौरवान्वित

जब भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहला महिला वनडे वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया, तब पूरा देश जश्न में था। इस जीत के पीछे टीम की तैयारियों का वैज्ञानिक आधार रहा-जिसमें आकांक्षा की भूमिका दर्ज-अमर है। उनकी देख-रेख में फिटनेस, थैरेपी, इंजरी प्रिवेंशन और रिकवरी पर विशेष ध्यान दिया गया। जिले के लोगों ने इस उपलब्धि पर गौर किया क्योंकि कवर्धा की बेटी ने इस जश्न में अपनी भूमिका निभाई। राज्य सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी आकांक्षा को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि इस प्रेरणादायी काम से पूरा छत्तीसगढ़ गर्व महसूस कर रहा है।

## प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चाइनीज मांझा, हाईकोर्ट सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



चाइनीज मांझे से रायपुर में बच्चे की मौत और अवैध बिक्री मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में स्वत संज्ञान के रूप में चल रही थी। हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा उठाए गए कदम और पिछले 6 महीने में इस तरह की दूसरी घटना नहीं होने के बाद याचिका निराकृत कर दी है। साथ ही कोर्ट ने सरकार से उम्मीद जताई है कि नियमों और प्रावधानों का पालन कड़ाई से किया जाएगा। सरकार की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बच्चे के परिजन को तीन लाख का मुआवजा भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने चाइनीज मांझे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चाइनीज मांझा बनाने वाला कोई उद्योग नहीं

मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में चाइनीज मांझे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण और उपयोग पर 25 फरवरी 2017 से प्रतिबंध है। 2 फरवरी 2024 को सभी कलेक्टरों, एसपी, नगर आयुक्त और जिला परिवहन अधिकारियों को इस प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए थे।

## 'डिजिटल अरेस्ट स्कैम' के जरिए 3000 करोड़ रुपए की वसूली चौंकाने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के बढ़ते जाल पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने इसे 'चौंकाने वाला' बताते हुए कहा कि इस पर तुरंत कड़े कदम उठाने की जरूरत है, वरना यह समस्या और बढ़ेगी। जस्टिस सूर्यकांत, उज्ज्वल भुइयां और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने गृह मंत्रालय और सीबीआई की गोपनीय रिपोर्टों की समीक्षा के बाद यह बात कही। इन रिपोर्टों से पता चला है कि साइबर अपराधियों ने देशभर में भोले-भाले लोगों से, जिनमें बुजुर्ग भी शामिल हैं, 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कड़े कदम उठाना जरूरी

### 10 को होगी सुनवाई

कोर्ट ने इस मामले में मदद के लिए एक एमिकस क्यूरी (न्यायालय का सहायक) नियुक्त किया है। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी, जिसमें कोर्ट आगे के निर्देश जारी करेगा। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि ऐसे कई धोखाधड़ी वाले नेटवर्क विदेश से चल रहे हैं। ये 'स्कैम कंपाउंड' वित्तीय, तकनीकी और मानव सहायता प्रणालियों से लैस हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एमएचए का साइबर क्राइम डिवीजन इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## सीएम साय ने चलाई बाइक...




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राजधानी रायपुर का बूढ़ापारा आउटडोर स्टेडियम आगामी 8 और 9 नवंबर को रफ्तार, रोमांच और युवाओं के उत्साह का मंच बनेगा। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वयं बाइक चलाकर युवाओं को "सेफ ड्राइविंग" का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमआरएफ नेशनल सुपरक्रॉस बाइक रेसिंग चैम्पियनशिप 2025 का यह भव्य आयोजन न केवल रोमांचक मोटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगा। साथ ही युवाओं को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट पहनने और सड़क पर रेसिंग से बचने जैसे सामाजिक संदेश देने का भी माध्यम बनेगा।

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस में शामिल होंगी

## राष्ट्रपति मुर्मू का कार्यक्रम बदला, अब आएंगी 20 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रपति 20 नवंबर को सरगुजा (अंबिकापुर) में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस में शामिल होंगी। पूर्व में यह कार्यक्रम 15 नवंबर को आयोजित करने की तैयारी थी, लेकिन अब सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति 20 तारीख को आएंगी, उनके आगमन की सूचना की पुष्टि हो गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली जाकर राष्ट्रपति से मिले थे और उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होंने के लिए आमंत्रित किया था। राज्य सरकार राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस को लेकर एक बड़ा कार्यकम करने की तैयारी कर रही है। जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन तीन दिनों का होगा। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जो रूपरेखा तैयार की गई है, उसके मुताबिक कार्यक्रम के दौरान बैगा-गुनिया हथजोड़ सम्मान निधि की शुरुआत होगी। शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में लोककला महोत्सव और कर्मा महोत्सव का समापन भी होगा।

आईसीएआई ने सितंबर-2025 रिजल्ट के साथ जारी की टॉपर्स की सूची

## 11466 नए सीए, फाइनल में मुकुंद और फाउंडेशन में राजलक्ष्मी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सितंबर 2025 में हुई परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दी है। रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई), इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) और सीए फाइनल में मुकुंद आगीवाल (धामनोद) ने टॉप किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का सीए सितंबर 2025 एग्जाम क्रैक करके 11466 कैंडिडेट्स चार्टर्ड अकाउंटेंट बने हैं। धामनोद के मुकुंद आगीवाल ने सीए फाइनल परीक्षा में 500 अंक (83.33 प्रतिशत) प्राप्त कर टॉप किया है। ग्रुप-वन में 51,955 उम्मीदवारों ने भाग लिया जबकि ग्रुप-दो में 32,273 उम्मीदवार शामिल हुए। 16,800 उम्मीदवार दोनों ग्रुप की परीक्षा में शामिल हुए। फाइनल परीक्षा में मध्य प्रदेश के धामोद के मुकुंद आगीवाल ने टॉप किया जबकि तेजस मुंदड़ा दूसरे और बाकुल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। इस बार देशभर के 2.5 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने ये परीक्षा दी थी।

### ऑफिशियल वेबसाइट पर देखें मार्कशीट

परीक्षा में पास होने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 40 प्रतिशत नंबर और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत नंबर स्कोर करने होते हैं। जिन कैंडिडेट्स को 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें 'पास विद डिस्टिंक्शन' का दर्जा दिया गया है।



### इंटर परीक्षा में नेहा ने मारी बाजी

आईसीएआई ने सितंबर 2025 में हुई सीए इंटर परीक्षा का भी रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें जयपुर की नेहा खानवानी ने बाजी मार ली। उन्होंने पूरे भारत में पहला स्थान हासिल करके राजस्थान का नाम रोशन किया है। नेहा खानवानी मूलरूप से राजस्थान के जयपुर की रहने वाली हैं।

### जेईई-मेन 2026 में कैलकुलेटर की अनुमति नहीं

इधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने स्पष्ट किया है कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा 'जेईई-मेन' में कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। एजेंसी ने कहा कि इस संबंध में सूचना बुलेटिन में अद्यतन की गई जानकारी में 'टाइपिंग' की गलती थी। उसे ठीक कर दिया गया है। जेईई-मेन 2026 के सूचना बुलेटिन में यह कहा गया था कि कंप्यूटर-आधारित जांच के दौरान ऑनस्क्रीन मानक कैलकुलेटर उपलब्ध होगा।

**खबर संक्षेप**

### मृत्यु भोज खाना पड़ा महंगा उल्टी दस्त से एक की मौत

**खैरागढ़।** मृत्यु भोज में खाना पीना लिमऊटोला के ग्रामीणों को महंगा पड़ा। दो दर्जन के आसपास सरकारी अस्पताल मे भर्ती है तो एक व्यक्ति की आज सुबह सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। लिमऊटोला की 50 साल की अविवाहित महिला गायत्री पिता बहल धुर्वे की मौत के बाद हुए कार्यक्रम में 31 अक्टूबर को लोग लिमऊटोला पहुंचे। जहॉं उसके भतीजे सुनील कुमार के यहां मृत्यु भोज का कार्यक्रम रखा गया था। दोपहर में सभी ने भोजन किया और शाम होते होते उल्टी दस्त की शिकायत आने लगी। अमरीका बाई 50 साल और उसके बेटे गुप्तेश्वर धुर्वे 20 साल को तबियत ज्यादा खराब होने पर मेडिकल कालेज रिफर किया गया जबकि आधा दर्जन से उपर लोगों का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है इसी दौरान आज सुबह 45 साल के समारू पिता सुखरू धुर्वे की सांस उखड़ गई।

### गोमांस परोसने पर एक के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद।** दिवाली के मौके पर पार्सल भेजकर हिंदू परिवारों को गोमांस खिलाने के मामले में बागबाहरा थाने में एक आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि 02 नवंबर को प्रार्थी रूपेश साहू, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर द्वारा हमराह राजू चंद्राकर, प्रकाश पटेल, हरीश जगत, विनोद यादव, शुभम अग्रवाल, मुकेश चंद्राकर, भगवान दास साहू एवं अमन अग्रवाल के साथ थाना बागबाहरा उपस्थित आकर ग्राम मुनगासेर में घटित घटना के संबंध में इफ्तियार खान निवासी मुनगासेर थाना बागबाहरा के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके अवलोकन के बाद आरोपी के विरूद्ध धारा 299, 325 बीएनएस, धारा 4, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम का अपराध घटित होना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**अंडे का फंडा**

ठंड का अभी पूरी तरह से आगाज भी नहीं हुआ है और प्रदेश में लोग रोज 50 लाख से ज्यादा अंडे डकार रहे हैं। अंडों की खपत में इजाफा होने के कारण इसके दाम भी अभी से चिल्हर में सात रुपए पहुंच गए हैं। पहली बार इसके दाम आठ रुपए तक जाने की संभावना है। इस साल तो गर्मी में खपत कम होने के बाद भी दाम सात रुपए हो गए थे। आमतौर पर गर्मी में दाम कम हो जाते हैं।

# रोज 50 लाख से ज्यादा अंडे खा रहे छत्तीसगढ़िया, कीमत पहुंची सात रुपए

## प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का होता है उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ की गिनती देश के अंडों का ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 45 से 50 फीसदी अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है। गर्मी के समय में जब खपत कम हो जाती है तब बहुत परेशानी होती है। उत्पादन तो रुक नहीं सकता है। ऐसे में अंडों को गोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ता है। मानसून में अंडों के दाम चिल्हर में पांच रुपए थे, लेकिन मानसून के जाने के बाद अब ठंड के प्रारंभ में ही अंडों की कीमत राजधानी रायपुर में चिल्हर में सात रुपए हो गई है। पोल्ट्री फार्म में दाम 5.60 रुपए से 5.75 रुपए हैं। थोक कारोबारियों के यहां पर दाम 6.25 रुपए और किराना दुकानों के साथ चिल्हर कारोबारियों को पहुंचाकर वेंडर 6.35 से 6.50 रुपए में अंडे दे रहे हैं। ऐसे में चिल्हर कारोबारी सात रुपए में बेच रहे हैं। एक दर्जन अंडे लेने पर भी सात रुपए के हिसाब से ही पैसे लग रहे हैं। बड़ी चिकन दुकानों में जहां पर अंडे भी बेचे जाते हैं, वहां पर थोक में 30 अंडों का क्रेट लेने पर दाम 6.50 रुपए लग रहे हैं।

**खपत बढ़ी:** प्रदेश में रोज अंडों का 80 लाख उत्पादन होता है। इसमें से 35 से 40 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते हैं, बाकी अंडों की खपत अपने राज्य में होती है, पर इस समय अपने राज्य में ही रोज 50 लाख से ज्यादा की खपत हो रही है। दूसरे राज्यों में 25 से 28 लाख अंडे ही जा पा रहे हैं। आने वाले समय में खपत में और इजाफा होगा और राज्य में खपत 60 लाख से ज्यादा हो जाएगी। ठंड में बीते साल भी अपने राज्य में रोज 60 लाख से ज्यादा अंडों की खपत हो रही थी।

**प्रदेश में खपत बढ़ी:** ठंड में हमेशा ही अपने राज्य में खपत बढ़ जाती है। इस समय भी खपत बढ़ गई है। आने वाले समय में खपत में और इजाफा होगा।पोल्ट्री में दाम 5.60 रुपए हैं। कीमत में और इजाफा संभव है। - धनराज बैनर्जी, पोल्ट्री कारोबारी

## बिहार चुनाव : डिप्टी सीएम अरुण साव ने ली दो सभाएं

# नितिन नबीन के चुनाव प्रचार में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम, किरणदेव के साथ कई नेता बहा रहे पसीना

**बिहार चुनाव में प्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता भारी संख्या में गए हैं। सबसे अहम भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के विधानसभा क्षेत्र बांकीपुर में प्रदेश के नेताओं ने चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव ने सोमवार को वहां पर दो सभाएं ली, वहीं एक और डिप्टी सीएम विजय शर्मा, नितिन नबीन के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश के एक और मंत्री गुरु खुशवंत के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और प्रदेश संगठन के कई नेता भी वहां पर प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश के नेता अपने प्रदेश प्रभारी की जीत दिलाने के लिए जी जान ले जुटे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

बिहार में दो चरणों में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को होगा। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है। दोनों चरणों के लिए अलग-अलग विधानसभाओं में छत्तीसगढ़ के कई मंत्रियों, सांसद, विधायकों और प्रदेश के नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में जुटे हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसी के साथ राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय को भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।





नितिन नबीन के चुनाव प्रचार में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम, प्रदेशाध्यक्ष के साथ कई नेताओं झोंकी ताकत।

### प्रदेश प्रभारी के लिए झोंकी ताकत

नितिन नबीन छत्तीसगढ़ के भाजपा के प्रभारी हैं। ऐसे में अपने प्रदेश प्रभारी के लिए प्रदेश के भाजपा नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। यहां पर राज्योत्सव का समापन होते ही प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय सहित सभी नेता वापस बिहार पहुंच गए हैं। नितिन नवीन के विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को डिप्टी सीएम अरुण साव ने बांकीपुर के सिपारा में पहली सभा की। इसके बाद मीठा बाजार दूसरी जनसभा में उनके साथ सांसद रवि किशन भी मौजूद थे। इधर डिप्टी सीएम विजय शर्मा लगातार नितिन नवीन के साथ दिन भर प्रचार करते रहे। उनके साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी थे। किरण देव और प्रदेश के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश मंत्री अमित साहू, कोषाध्यक्ष राम गर्ग, विधायक रोहित साहू, खनिज विभाग के अध्यक्ष सौरभ सिंह और अन्य भाजपा नेता अलग से भी विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर प्रचार कर रहे हैं। प्रचार का शोर मंगलवार की शाम को थम जाएगा। इसी के साथ पहले चरण में प्रदेश के जिन भी भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी दी गई थी, वे सब लौट आएंगे।

**एर्राबोर पुलिस को मिली सफलता**

## दो नक्सल सप्लायर विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

नक्सल उन्मूलन अभियान में मुखबिर की सूचना से नक्सल सप्लायर की धरपकड़ की गई। थाना एर्राबोर से उपनिरीक्षक बलराम बघेल के साथ थाना स्टाफ का बल ग्राम मरईगुड़ा व पटेलपारा क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान दो नक्सल सप्लायर कारम चन्द्रा 38 वर्ष निवासी ग्राम मरईगुड़ा, पटेलपारा एवं सोड़ी एंका 40 वर्ष ग्राम मरईगुड़ा, पटेलपारा को पकड़ा गया। इनके कब्जे से विस्फोटक पदार्थ 4 जिलेटिन रॉड, 6 डेटोनेटर, 6 मीटर कोर्डेक्स वायर, फटाका, 3 लकड़ी के स्पाइक, लगभग 100 ग्राम बारूद एवं 10 नक्सल पर्चा बरामद किया गया। यह कृत्य विधि विरूद पाये जाने से थाना एराबोर में अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई हुए करते न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड के लिये पेश किया गया।

### सेना के जवान से 5 लाख की आनलाइन ठगी

**कांकेर।** भारतीय सेना में जम्मू रेजिमेंट में तैनात जवान पत्थरींपारा निवासी 26 वर्षीय पिंटू रामने नरहरपुर थाना में बड़े साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत करने वाले जवान ने बताया कि उनके बैंक खाते से फोन-पे के माध्यम से 4 लाख 94 हजार 341 रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। मैं जम्मू में पदस्थ था, जहां प्रीपेड मोबाईल नंबर नहीं चलता है, तो मेरा पुराना मोबाइल नंबर फोन पे से लिंक था। नवंबर 2024 में मोबाइल बंद हो गया, नया मोबाइल नंबर लेकर वहीं नंबर चला रहा हूं। 1 जून 2025 तक आपरेशन में होने के कारण अपना फोन अपने यूनिट में नियमानुसार जमा किया था। चालू किया तो देखा कि बैंक खाता से रकम पार हो गई है।


डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है 94060-21769 HMS देखकर खरीदें असली केंदवा® मलहम दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।


**बुलेट और दो मोबाइल भी जब्त**

## ग्रामीण से 60 हजार रुपए की लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर



सरगुजा में बाइक सवार ग्रामीण से 60 हजार रुपए और दस्तावेजों से भरा झोला लूटकर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने बिलासपुर में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने लूट की रकम को बिलासपुर में घूमने फिरने में उड़ा दिया।

बताया जा रहा है कि दरिमा नवानगर निवासी रामनाथ राम 14 अक्टूबर को अपने बैंक खाते से पैसा निकालने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अंबिकापुर आया हुआ था। इस दौरान ग्रामीण ने बैंक से 20 हजार रुपए निकाला जबकि पहले से सामान लेने के लिए उसके पास 40 हजार रुपए मौजूद थे। ग्रामीण कुल 60 हजार रुपए व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज एटीएम कार्ड, पासबुक, पेन कार्ड, आधार कार्ड, चेक बुक को मोटरसाइकिल के हैंडल में लटका कर वापस घर जा रहा था। ग्रामीण जैसे ही ग्राम कांतिप्रकाश पुर पुलिया के पास पहुंचा इसी दौरान एक अज्ञात बाइक सवार पीछे से आया। चलती बाइक से ही रुपयों से भरा झोला लूटकर भागने लगा। ग्रामीण ने लुटेरे का कंठी तक पीछा किया लेकिन उसके बाद आरोपी का कोई पता नहीं चल सका। ऐसे में ग्रामीण ने घटना की शिकायत 15 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस और साइबर सेल टीम को जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक सदर एसबीआई शाखा में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही रसूलपुर निवासी 23 वर्षीय शोएब अख्तर आ. मोहम्मद वसीम बारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी युवक ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

## कलेक्टोरेट परिसर में युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगातार शिकायत के बाद भी जमीन संबंधी मामले का निराकरण नहीं होने से परेशान देवेंद्र कुमार साहू रामपुर भखारा निवासी ने कलेक्टोरेट परिसर में खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह करने की कोशिश की। जिस मामले का वह निराकरण चाहता है, वह मामला सिविल कोर्ट में लंबित है। घटना करीब डेढ़ बजे की है। सोमवार को एक युवक कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचा था। आवेदन देने के बाद भी उसे संतोषप्रद जवाब नहीं मिला तो वह कलेक्टोरेट भवन से बाहर आ गया। पार्किंग के पास उसने प्लास्टिक की बॉटल में रखे पेट्रोल और मिट्टीतेल को खुद पर उड़ेल लिया। इसके बाद जेब से माचिस निकाल रहा था। पेट्रोल की गंध से वहां सुरक्षा कर्मी और लोग अलर्ट हो गए। युवक को आत्मदाह की तैयारी करते देख सबने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे कलेक्टर के निज सहायक के पास ले जाया गया। वहां से उसे बाथरूम में ले जाकर पानी से नहलाया गया। अपर कलेक्टर रीता यादव ने उसे समझाइश दी।


हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292




**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया सनसनीखेज दावा**

# भारत की बढ़ी टेंशन! पाक-चीन कर रहे सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट'

## अगर दावे में सच्चाई तो भारत के लिए यह गंभीर चिंता का विषय

*हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा और चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा है कि पाकिस्तान और चीन, रूस तथा उत्तर कोरिया के अलावा, चोरी-छिपे परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने यह रहस्योद्घाटन एक न्यूज चैनल के साक्षात्कार ('60 मिनट्स' शो) में किया, जहां उन्होंने 33 साल के स्थगन के बाद अमेरिकी सेना को परमाणु परीक्षण करने के आदेश को सही ठहराया। भारत के लिए यह दावा गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि वह दो परमाणु-सशस्त्र प्रतिद्वंद्वियों-चीन और पाकिस्तान का सामना दो मोर्चों पर कर रहा है।ट्रंप ने दावा किया कि परमाणु हथियार रखने वाले देश गुप्त रूप से परीक्षण कर रहे हैं।*

**भूमिगत होते हैं यह परीक्षण**

चैनल से बातचीत में ट्रंप ने कहा, 'रूस परीक्षण कर रहा है और चीन परीक्षण कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते.' उन्होंने पाकिस्तान पर भी यही आरोप लगाते हुए कहा, 'निश्चित रूप से उत्तर कोरिया परीक्षण कर रहा है। पाकिस्तान परीक्षण कर रहा है।' ट्रंप ने दावा किया कि ये परीक्षण इतने भूमिगत होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है।

**फिर किया युद्ध रोकने का दावा :** इसी साक्षात्कार में ट्रंप ने दावा किया कि मई में भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध के कगार पर थे, जिसे उन्होंने व्यापार और टैरिफ की धमकी देकर रोका. ट्रंप ने कहा, 'अगर ट्रंप शामिल नहीं होते, तो लाखों लोग मारे गए होते... यह एक बुरा युद्ध था। हर जगह जेट्स गिराए जा रहे थे। मैंने उन दोनों से कहा, अगर तुम लोग नहीं रुके तो अमेरिका के साथ कोई कारोबार नहीं करोगे।'

### भारत के लिए चिंता और 'पोखरण-3' की संभावना

ट्रंप के इन दावों ने भारत के लिए पोखरण-3 परीक्षण करने का अवसर खोल दिया है। यदि चीन और पाकिस्तान वास्तव में परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, तो यह भारत के लिए स्थिति को और अधिक अस्थिर बना देता है, जो 'नो-फर्स्ट-यूज' (पहले इस्तेमाल न करने) की नीति का पालन करता है और जिसने 1998 के बाद कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है।



### चीन की बढ़ती ताकत

भारत का परमाणु जखीरा (अनुमानित 180 वारहेड, 2025 तक) चीन के बढ़ते भंडार (600, 2030 तक 1,000 का लक्ष्य) से काफी पीछे है। चीन के फ्रैक्शनल ऑर्बिटल बॉम्बार्डमेंट सिस्टम (**FOBS**) जैसे तकनीकी विकास भारत की रक्षा क्षमताओं के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा करते हैं, क्योंकि यह भारतीय इंटरसेप्टर (**PDV**) को चकमा दे सकता है।

### पाक का परमाणु जखीरा कितना बड़ा?

रक्षा और हथियार से जुड़े मामलों में अग्रणी थिंक टैंक-स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान के पास मौजूदा समय में 170 परमाणु वॉरहेड्स हैं। जनवरी 2025 में जारी हुई विश्लेषण रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के परमाणु जखीरे में इस वक्त 180 वॉरहेड्स हैं।

**आधिकारिक तौर पर किए गए परमाणु परीक्षण :** दूसरी तरफ बुलेटिन ऑफ एटॉमिक साइंटिस्ट्स की 2023 की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान के पास अपने परमाणु जखीरे को जल्द बढ़ाने की क्षमता भी है, क्योंकि उसके पास चार प्लूटोनियम प्रोडक्शन रिएक्टर्स और परमाणु संवर्धन से जुड़ा जबरदस्त इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। इसके अलावा वह परमाणु हथियार बनाने की नई प्रणालियों को भी विकसित कर रहा है।

---

**बिहार विधानसभा चुनाव**

**सहरसा की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने साधा निशाना**

**राज्य में 6 व 11 नवंबर को होगी वोटिंग, 14 को नतीजे**

# 'राजद-कांग्रेस के लोग मनाते हैं विदेशी त्योहार, छठ पर्व मनाने में इन्हें शर्म आ रही

एजेंसी ▸▸ सहरसा

जाति आधारित वोटिंग के लिए चर्चित रहे बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले सहरसा में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के नंबर-1 नेता राहुल गांधी को सनातन धर्म के अपमान पर घेरा। उन्होंने छठ से लेकर अयोध्या तक की चर्चा की। राहुल गांधी के बेगूसराय में मछली मारने की खबरों से जोड़ते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अयोध्या में निषाद राज का मंदिर बना है। वहां वह कभी नहीं जाते हैं। भगवान राम से अगर



तकलीफ है तो निषाद राज जी, सबरी माता और वाल्मिकी जी के मंदिर में ही माथा टेक कर आ जाओ। उन्होंने लालू प्रसाद की हैलोवीन मनाती तस्वीरों पर भी निशाना साधा और घेरते हुए कहा- 'राजद और कांग्रेस का परिवार दुनिया भर के त्योहार मनाते हैं। विदेशी त्योहार मनाने पर इन्हें मजा आता है। लेकिन, अब छठ महापर्व मनाने में इन्हें शर्म आती है। छठी मैया का इनलोगों ने अपमान किया।' पीएम नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद के नामदार जमीन से भी कटे हुए हैं। यह लोग भांति-भांति के सपने भले देखते हों।

## हर मामले में नेहरू-इंदिरा को ही दोषी ठहराते हैं मोदी-शाह



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को सोनबरसा की चुनावी सभा में मोदी-शाह वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह हर मुद्दे पर नेहरू-इंदिरा को ही दोषी ठहराते हैं। उन्होंने तंज किया केंद्र सरकार को 'अपमान मंत्रालय' स्थापित करना चाहिए इससे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को राष्ट्र निर्माण और देश के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का समय मिल सकेगा। प्रियंका ने कहा, पिछले 20 वर्षों से बिहार की चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चला रहे हैं। जब आपकी चुनी हुई सरकार को केंद्र से सम्मान नहीं मिलता, तो जनता का सम्मान कैसे बचेगा? उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है।

### बूथ पर तैनाती के लिए गुजरात से पुलिस बुलाई : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव में गुजरात से अफसरों और पुलिस कर्मियों को बुलाए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि, 'पुलिसकर्मियों को बूथ में तैनात करने के लिए लाया गया है।'



उन्होंने राजद पर लगने वाले 'जंगल राज' के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जंगलराज सिर्फ परसेप्शन है। तेजस्वी ने एनसीआरबी के आकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बिहार में अपराध बढ़ा है। उन्होंने मुजफ्फरपुर शेल्टर होम कांड की याद दिलाई। महागठबंधन के सीएम फेस और राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी रैली को फोन से ही संबोधित किया। दरअसल, खराब मौसम के कारण उनका विमान उड़ान नहीं भर सका। बता दें, राजद नेता यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि छपरा, वैशाली सहित 16 जगहों पर आज चुनावी रैली है। हालांकि इनमें से कुछ को फोन से ही संबोधित किया है। फिलहाल मौसम साफ हुआ है तो अन्य सभाओं के लिए निकले हैं।




### राहुल और लालू की पार्टियां पूरी तरह खत्म हो जाएंगी : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के शिवहर में महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 14 नवंबर को राहुल और लालू की पार्टियां पूरी तरह खत्म हो जाएंगी। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। महागठबंधन के पास न तो कोई नेता है और न ही कोई साफ पॉलिसी.। उन्हें यह भी नहीं पता कि कौन किस सीट से चुनाव लड़ रहा है। इस बीच, एनडीए की सभी पांच पार्टियां पांडवों की तरह एकजुट होकर बिहार की सभी 243 सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ रही हैं।'



### महागठबंधन में 'पप्पू, अप्पू और टप्पू' नाम के तीन बंदर : योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केवटी की चुनावी सभा में कहा, गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। इना नाम है पप्पू, अप्पू और टप्पू। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। उन्हें एनडीए सरकार का विकास दिखाई नहीं देता।

### चुनाव में लालू की एंट्री दानापुर में रोड शो

दानापुर। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सियासी घमासान में सोमवार को पहली बार आरजेडी चीफ लालू यादव चुनाव प्रचार में उतरे। इस दौरान उन्होने दानापुर सीट से आरजेडी प्रत्याशी रीतलाल यादव के लिए वोट मांगे। उनके साथ राजद सांसद और बड़ी बेटी मीसा भारती साथ रहीं। लालू के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी।





### भाई की रिहाई के लिए दिल्ली कोर्ट पहुंचीं सेलिना

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और मॉडल सेलिना जेटली ने अपने भाई को दुबई में हिरासत से सुरक्षित निकालने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की है। सेलिना के भाई, मेजर (रिटायर्ड) विक्रांत कुमार जेटली, सितंबर 2024 से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हिरासत में हैं। अभिनेत्री ने विदेश मंत्रालय (एमईए) से अपने भाई के लिए कानूनी, चिकित्सा और राजनयिक सहायता सुरक्षित करने के लिए कोर्ट के हस्तक्षेप की मांग की है। अभिनेत्री और संयुक्त राष्ट्र समानता चैंपियन सेलिना जेटली ने एडवोकेट माधव अग्रवाल के जरिए याचिका दायर की है, जिसमें एडवोकेट राघव कैकर बहस कर रहे हैं।

### एक्जाम प्रेशर : आईआईटी ग्रेजुएट ने लगाई गंगा में छलांग

**बिजनौर।** बिजनौर में आईआईटी कानपुर की स्नातक और यूपीएससी की तैयारी कर रही एक युवती ने गंगा बैराज से कूद गई। युवती का नाम ललिता रानी है। वह चांदपुर के गांव खानपुर माजरा की रहने वाली थी और बिजनौर के चक्कर रोड स्थित रेलवे फाटक के पास परिवार के साथ रहती थी। सोमवार सुबह वह रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थी। उसके साथ पड़ोस की 12 साल की एक बच्ची भी थी। लेकिन स्टेशन जाने की बजाय ललिता बस में बैठकर गंगा बैराज पहुंच गई।



## चिंतन

# जीत के पीछे तपस्या, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता

यह कहावत पूरी तरह से सच है कि कामयाबी के पीछे तपस्या, यानी कड़ी मेहनत, समर्पण व दृढ़ता होती है। सफलता आसानी से नहीं मिलती, बल्कि इसके लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही योजना, लगातार प्रयास और असफलताओं से सीखने की ज़रूरत होती है। किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से जुट जाना ज़रूरी है। यही किया है भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम ने 52 साल बाद विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को मुंबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की लड़कियों ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराया। ये वो टीम है, जिसके हर खिलाड़ी की कहानी प्रेरणा देती है। किसी के माता-पिता ने दिहाड़ी मजदूरी कर बेटी को क्रिकेटर बनाया है तो किसी के पैरेंट्स सरकारी जॉब में रहे हैं। किसी के पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं तो किसी के घरवाले सब्जी बेचते रहे हैं, लेकिन इन बेटियों ने अपने खुद के हौसले के दम पर नई उड़ान भरी है। फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली वर्मा रोहतक की रहने वाली हैं। इनके पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं और मां गृहणी हैं। रेणुका सिंह की मां दर्जा चार की कर्मचारी हैं। राधा यादव के पिता सब्जी बेचते हैं। उमा छेदी के माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अब इनकी लाड़लियों ने अपने जज्बे से नया इतिहास लिख दिया है। विश्व चैंपियन बनने के पीछे केवल खिलाड़ियों का ही नहीं, बल्कि माहौल और सुविधाओं का भी अहम योगदान रहा है, जो बीसीसीआई ने उन्हें उपलब्ध करवाईं। वो समय था जब भारत का महिला क्रिकेट इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज से बहुत पीछे था, लेकिन विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद हालात बदल गए। जय शाह से पहले सभी बीसीसीआई अध्यक्ष इसे शुरू करने का प्लान ही बनाते रह गए, शाह ने इसकी शुरुआत 2023 में कर दी। ऐसे प्लेटफॉर्म पर युवा और घरेलू प्लेयर्स को विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका मिलता है। इतना ही नहीं, प्लेयर्स एक महीने तक इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग, बेहतर कोच और प्रेशर सिचुएशन का सामना करने लगीं, जिसका फायदा इंडिया विमेंस टीम को भी मिला। इन्हीं मुकाबलों से टीम इंडिया को यास्तिका भाटिया, श्रेयांका पाटील, अमनजोत कौर, श्री चरणी, क्रांति गौड़ जैसी युवा और आक्रामक प्लेयर्स मिलीं। यास्तिका और श्रेयांका इंजरी के कारण वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन सकीं, लेकिन बाकी प्लेयर्स ने भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया। इस जीत के पीछे टीम के कोच का भी अहम रोल रहा। विश्व कप जीत के बाद जैसे ही हेड कोच अमोल मजूमदार सामने आए, वैसे ही हरमनप्रीत ने दोनों हाथों से उनके पैर छुए। जो बताता है कि टीम को इस मुकाम तक पहुचाने में उनका कितना योगदान रहा है। वैसे भी अनेक खिलाड़ियों ने भी इस विश्व कप को अमोल मजूमदार द्वारा बनाई गई रणनीति की ही जीत बताया है। हालात जो भी हों भारत की बेटियों ने 2 नवंबर 2025 के दिन को इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया है। भारतीय महिला टीम ने वो कारनामा किया जो 1983 में कपिल देव की टीम ने किया था। किसी ने भी मुकाबले की शुरूआत में नहीं सोचा था कि टीम इंडिया विश्व चैंपियन बनेगी, लेकिन हमारी बेटियों ने आखिरकार वह कर दिखाया। जिससे पूरा देश गौरवान्वित और सम्मानित मसूस कर रहा है।

# भाजपा के चार 'विदेह' और छत्तीसगढ़

विचार
अजय भानसिंह

अजातशत्रु अटलजी ने छत्तीसगढ़ के इस दमित भूभाग को नव्य ऊर्जा, नव्य जीवन, नव्य कलेवर और स्वत्व की सुखद अनुभूति के साथ एक नए प्रांत के रूप में जन्म दिया। यह कहना कि उन्होंने केवल अपने वचन की लाज रखने के लिए छत्तीसगढ़ का गठन किया था, उनकी निस्पृहता और मोलभाव-शून्य राजनीति का निरादर होगा। 'निर्लिप्त', 'विदेह' और 'स्थितप्रज्ञ' अटलजी से अनुपम छत्तीसगढ़ का गर्भनाल का संबंध है। संयोगवश, आज के 'विदेह-विग्रह' यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तब भाजपा के प्रदेश प्रभारी थे। और इस कुलांचे भरते भू-शिशु को उछाह मारती तरुणाई तक ले जाने वाले 'सचल-विदेह-स्वरूप' डॉ. रमन सिंह केंद्र में मंत्री थे।

भारत की सामाजिक, धार्मिक, भाषायी, भौगोलिक और आर्थिक संरचना एक बहुरंगी स्पेक्ट्रम के जैसी है। यह देश महज़ एक जड़ भूखंड नहीं, बल्कि सुदीर्घ भौगोलिक वर्ण-पट पर विस्तारित नाना प्रकार के रंगों से सुशोभित एक निरंतर चलायमान चित्रकथा जैसा है। हज़ारों जातियां, सैकड़ों भाषाएं एवं बोलियां, एक ही विराट धर्म-सलिला की अनेक धाराएं और वैविध्य से परिपूर्ण जलवायु वाले इस अनूठे भूखंड में बसता है 140 करोड़ मनुष्यों का अनुपम 'क्षीरसागर'। अलग-अलग प्रांतों के वन्य क्षेत्रों में हज़ारों साल से बसा जनजातीय समुदाय इस भारत-आख्यान का 'श्यामसुंदर' या इस 'महासमुद्र' के नाभि-केंद्र में विराजित 'शेषशायी विष्णु' कहा जा सकता हैं। वीतराग प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने देश के मध्यभाग में विचरने और बसने वाले इन्हीं तगड़े और भोले 'श्यामसुंदर' यानि जनजातीय समूहों के व्यापक हित को देखते हुए नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी।

अजातशत्रु अटलजी ने छत्तीसगढ़ के इस दमित भूभाग को नव्य ऊर्जा, नव्य जीवन, नव्य कलेवर और स्वत्व की सुखद अनुभूति के साथ एक नए प्रांत के रूप में जन्म दिया। यह कहना कि उन्होंने केवल अपने वचन की लाज रखने के लिए छत्तीसगढ़ का गठन किया था, उनकी निस्पृहता और मोलभाव-शून्य राजनीति का निरादर होगा। 'निर्लिप्त', 'विदेह' और 'स्थितप्रज्ञ' अटलजी से अनुपम छत्तीसगढ़ का गर्भनाल का सम्बन्ध है। संयोगवश, आज के 'विदेह-विग्रह' यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तब भाजपा के प्रदेश प्रभारी थे। और इस कुलांचे भरते भू-शिशु को उछाह मारती तरुणाई तक ले जाने वाले 'सचल-विदेह-स्वरूप' डॉ. रमन सिंह केंद्र में मंत्री थे।

यह भी अनूठा संयोग है कि, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उसी 'विदेह-वीतराग-श्रृंखला' के राजनेता हैं, जो उस समय लोकसभा के सदस्य के रूप में राज्य-गठन की प्रसव पीड़ा के साक्षी रहे हैं। मुख्यमंत्री जनजाति तबके से आते हैं, छत्तीसगढ़ प्रांत में जिनकी संख्या लगभग 32 प्रतिशत है। शायद इन्हीं जनजातियों के निर्मल, सौम्य और शांत 'जन-समुद्र' को ही रामधारी सिंह दिनकर ने कभी 'माटी की अबोध मूरतें' कहा होगा।

बहरहाल, राज्य गठन के बाद आईएएस से राजनेता बने अजीत जोगी ने छत्तीसगढ़ महतारी की ममतामयी गोद में उत्साह और आनंद से कुलांचे भरते इस शिशु-भूखंड को अपने समृद्ध अनुभव से तीन साल तक सजाया संवारा और चलने फिरने लायक बनाया। यह बात दीगर है कि उनकी अतिरेकी और उद्दाम ऊर्जा ने कुछ कटुताओं को जन्म दिया लेकिन राज्य के चतुर्दिक कल्याण को लेकर उनके विज़न पर शायद ही किसी को संदेह रहा हो।

2003 में हुए विधानसभा चुनावों के बाद डॉ. रमन सिंह ने घुटनों के बल चल रहे इस सुंदर प्रांत की बागडोर संभाली और सड़क एवं बिजली से लेकर स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों जैसे बुनियादी ढांचे




के निर्माण में अभूतपूर्व काम किया। खाद्य सुरक्षा, नागरिक सेवा, डिलीवरी मैकेनिज्म से लेकर हर सेक्टर में कभी बीमारू कहे जाने वाले इस राज्य ने ऊंची छलांग लगाई। प्रति व्यक्ति आय, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर जैसे तमाम मानव विकास सूचकांकों में छत्तीसगढ़ ने अपने सहोदर मध्यप्रदेश से भी बेहतर प्रदर्शन किया।

इस बीच पांच साल तक अपार ऊर्जा से लबरेज भूपेश बघेल ने राज्य का नेतृत्व संभाला। वह ग्राम्य जीवन में गुणात्मक विकास के लिए गोठान, नरवा, घुरवा, और बारी जैसे कुछ मौलिक विचार लेकर आए। किन्तु उनके सचिवालय के उद्दंड अधिकारियों ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने में समर्थ इतने उन्नत विचार को अपनी हेकड़ी और भ्रष्ट आचरण से पलीता लगा दिया।

कल एक नवंबर को जब व्यस्क छत्तीसगढ़ युवावस्था के उस दौर में दाखिल हुआ जहां से उसे अपने विकास की गति और लय के साथ साथ अनुशासन का भी पालन करना होगा। इस काल के तीनों 'सचल-विदेह-विग्रह' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह इस रूपांतरण के साक्षी हुए। छत्तीसगढ़ जैसे शांत और अपार संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश को युवावस्था में संयम, सहिष्णुता और अनुशासन की जरूरत है और वर्तमान मुख्यमंत्री साय स्वयं अपने संयम और अनुशासन से उसकी आश्वस्ति देते हैं। राज्य के स्थापना दिवस पर इस विदेह-त्रयी का एक साथ एक मंच पर होना मानो छत्तीसगढ़ के 'परम-वैभव' का स्वप्निल आह्वान जैसा था। मानो वे समवेत स्वर में 'मिट्टी की अबोध मूरतों' में बसने वाले 'शेषशायी-भगवान' का

*उत्तिष्ठ उत्तिष्ठ गोविन्द उत्तिष्ठ गरुडध्वज।*
*उत्तिष्ठ कमलाकान्त त्रैलोक्यं मंगलं कुरु।।*

के आह्वान के साथ मंगलाचरण कर रहे हों। सच ही है अगर नररूपी जनार्दन को उनके सामर्थ्य का स्मरण भर करा दिया जाए तो राष्ट्र के 'परम-वैभव' और 'त्रैलोक्य-मंगल' का अमूर्त स्वप्न, हमारे जीते जी मूर्तिमंत विग्रह हो जाएगा।

लेकिन ध्यान रहे, हिमालय से संकल्पों की पूर्ति लेकिन सहज कभी नहीं होती। प्रधानमंत्री मोदी 11 साल बाद भी जिस तरह देश के लौह आवरण वाली नौकरशाही, मीडिया और न्यायपालिका से जूझ रहे हैं, उससे ये अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि छत्तीसगढ़ में सशस्त्र माओवाद की पराजय के बाद भी कई तरह की सामाजिक एवं आर्थिक विद्रूपताएं अंततः बड़ी राजनीतिक जटिलताओं को ही जन्म देंगी।

आज एक पूरा कालखंड पुरानी केंचुली को त्यागकर एक नवयुग की दहलीज पर खड़ा है। यह संधिकाल किसी भी समाज के लिए यह संक्रमण का काल होता है। अगर शासक जनक जैसा विदेह हो, स्थितप्रज्ञ हो, संवेदनशील हो, जनप्रिय हो तो, न केवल उसका इकबाल बुलंद रहता है, वह समाज को कई झंझावातों से निकालने में समर्थ भी होता है। भारत और छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि उसके पास तीन-तीन विदेह शासक के रूप में मौजूद हैं । यूं तो राजनीति में विष्णुदेव साय उदारमना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के सबसे विश्वस्त सहयोगी के रूप में भरोसा जगाते हैं। लेकिन उनके वैचारिक उत्तराधिकारी और विदेह मुख्यमंत्री के रूप में वे अधिक आश्वस्त करते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## वायु प्रदूषण

डॉ. नीलू तिवारी



# भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगी हरित ऊर्जा


हाल ही में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विकास की कीमत प्रदूषण होनी चाहिए? क्या आधुनिक भारत प्रदूषण की छाया में ही आगे बढ़ेगा? इन्हीं सवालों का उत्तर खोजते हुए भारत ने एक नई दिशा अपनाई हरित ऊर्जा की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवम्बर 2021 को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–सीओपी26 के दौरान जब पंचामृत संकल्प की घोषणा के तहत वर्ष 2070 तक "नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन" लक्ष्य रखा, तो उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि भारत विकास करेगा पर प्रकृति के साथ। इसी दृष्टिकोण ने भारत को जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता से मुक्त कर हरित ऊर्जा की राह पर आगे बढ़ाया है। मोदी सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना ने आम जनता को इस परिवर्तन का सहभागी बनाया है। इस योजना के तहत लाखों परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। नतीजा यह है कि अब वे हर महीने 200-300 यूनिट मुफ्त बिजली पा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गृहिणी बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली का बिल देना पड़ता था। अब सौर पैनल से घर चल रहा है और 1500 रुपये की बचत भी हो रही है। यह उदाहरण बताता है कि हरित ऊर्जा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिक के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान है। सौर ऊर्जा केवल घरों तक सीमित नहीं रही। अब गांवों में स्कूल, पंचायत भवन और छोटे उद्योग भी सौर बिजली से चल रहे हैं। राजस्थान का भड़ला सौर पार्क, जो 14,000 एकड़ में फैला है, दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है।

हरित ऊर्जा का दूसरा मजबूत स्तंभ है पवन ऊर्जा। तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्य अब देश की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा हवा से पैदा कर रहे हैं। 2025 में शुरू हुई ऑफशोर विंड एनर्जी योजना के तहत समुद्र तटों पर विशाल टरबाइन लगाए गए हैं, जिनसे 15 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का उदाहरण है, बल्कि इससे तटीय इलाकों में रोजगार और पर्यटन के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं, भारत ने हरित हाइड्रोजन मिशन के जरिए विश्व को चौंका दिया है। 2030 तक भारत पांच मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में बड़े संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। इसका उपयोग भविष्य में रेलवे, उद्योग और जहाजरानी में किया जाएगा। यह पहल न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक राष्ट्र बनाएगी।

हरित ऊर्जा का एक और बड़ा अध्याय है इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है, ताकि प्रदूषण घटे और विदेशी तेल पर निर्भरता कम हो। पहले जहां पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा केवल 1.5 प्रतिशत थी, वहीं अब यह 12 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के गन्ना किसान अब अपनी फसलों से ईंधन तैयार कर रहे हैं। महाराष्ट्र की महिला किसान बताती हैं कि इथेनॉल उत्पादन के लिए उनका गन्ना अब बड़ी कंपनियों को बेचा जाता है और उन्हें पहले से अधिक आमदनी हो रही है। यह उदाहरण दर्शाता है कि हरित ऊर्जा ग्रामीण भारत में भी आर्थिक क्रांति ला रही है। अगर किसानों की बात करें तो मोदी सरकार की कुसुम योजना ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। अब तक देशभर में 35 लाख से अधिक सौर पंप लगाए जा चुके हैं। पहले जो किसान बिजली कटौती और डीजल खर्च से परेशान थे, अब वे सौर ऊर्जा से दिन-रात खेती कर पा रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले में किसान बताते हैं कि पहले महीने में 2000 रुपये का डीजल खर्च होता था, अब वही पैसा बच रहा है और सौर पंप से बिना रुकावट सिंचाई हो रही है। यह योजना सीधे किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। मोदी सरकार ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इथेनॉल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर यह सिद्ध किया है कि विकास और पर्यावरण साथ-साथ चल सकते हैं। भारत की यह पहल इस दृष्टि से भी प्रासंगिक है कि यह देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रही है। इन उपायों से भारत स्वच्छ, आत्मनिर्भर और टिकाऊ ऊर्जा के भविष्य की ओर और तेज़ी से बढ़ सकता है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
**दर्शन**

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफी देर हो गई थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होंनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होंनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## गुलदाउदी की बहार



श्रीनगर में गुलदाउदी गार्डन में घूमते हुए लोग, जिसे बाग-ए-गुल-ए-दाऊद के नाम से भी जाना जाता है।

## आज की पाती

### धन और अन्न शादियों में बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। गरीब अगर विवाह समारोहों में लाखों खर्चा करने लग पड़ेगा तो वो सारी जिंदगी गरीबी की दलदल में धंस जाएगा। *– विशेष अग्रवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सभी सदस्यों को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने पहली बार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। वे अच्छा खेल रही हैं और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है।
**-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### तीन बंदर



आज इंडिया गठबंधन के तीन और बंदर आ गए हैं- पप्पू, टप्पू और अप्पू... पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता। इसके बावजूद ये लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जनता इन पर भरोसा करेगी।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### ऐतिहासिक जीत



यह एक जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आए हैं। 60 मिलियन से ज्यादा लोगों ने मैच देखा, एक देश, एक इमोशन, एक जज़्बा।
**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### अदम्य इच्छाशक्ति



भारतपुत्रियों ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अविचल धैर्य और अविराम पुरुषार्थ से वह विजयगाथा अंकित की है, जो लंबे समय तक भारत की स्मृति में अक्षय कीर्तिलेख रूप में प्रतिष्ठित रहेगी।
**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

## करंट अफेयर


# हेगसेथ ने दक्षिण व उत्तर कोरिया का किया दौरा



अमेरिक के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को उत्तर और दक्षिण कोरिया के सीमा पर स्थित असैन्यीकृत क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा वार्ता के लिए अपने सहयोगी दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा की भी शुरुआत की। हेगसेथ और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आह्न ग्यू-बैक को निगरानी चौकी में सैन्य अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। यह चौकी सैन्य सीमांकन रेखा के पास है, जहां का दौरा अमेरिका के कई राष्ट्रपति कर चुके हैं जिनमें 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। हेगसेथ और बैक ने पनमुनजोम सीमावर्ती गांव का भी दौरा किया, जहां 1950-53 के कोरियाई युद्ध को रोकने के लिए एक युद्धविराम पर हस्ताक्षर किए गए थे। बैक के मंत्रालय ने कहा कि इस दौरे ने मित्र देशों के बीच 'मज़बूत संयुक्त रक्षा रुख और घनिष्ठ समन्वय की पुष्टि की'। दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को बताया कि देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल जिन योंग-सुंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जनरल डैन केन ने प्योंगटेक में एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे के ऊपर दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों के 'फ्लाईपास्ट' का निरीक्षण किया।

## ऑफ बीट

# महिलाएं घर में 427 अरब डॉलर का अवैतनिक श्रम करती है



ऑस्ट्रेलिया में लोग खाना पकाने, घर की साफ-सफाई और परिवार के सदस्यों की देखभाल जैसे अवैतनिक कार्यों में हर साल हजारों घंटे बिता देते हैं, जो अर्थव्यवस्था को बांधे रखने वाला एक अहम सूत्र है। लेकिन उन्हें आधिकारिक आर्थिक आंकड़ों में कोई मान्यता नहीं दी जाती। नया अध्ययन अर्थव्यवस्था में इस अवैतनिक श्रम के योगदान पर प्रकाश डालता है, जिसे 688 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास आंका गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है और इसमें अधिकांश योगदान महिलाओं का है। रोजाना औसतन 3 घंटे 56 मिनट घरेलू कामों में बीतते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाएं रोजाना औसतन 3 घंटे और 56 मिनट का समय अवैतनिक काम एवं देखभाल में बिता देती हैं, जो प्रति सप्ताह 771 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। वहीं, पुरुष अवैतनिक काम एवं देखभाल पर रोजाना औसतन 2 घंटे और 28 मिनट का समय खर्च करते हैं, जो प्रति सप्ताह 493 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। आबादी के हिसाब से देखें तो महिलाएं हर साल औसतन 427 .3 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर अवैतनिक श्रम करती हैं, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा 261 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**रूस ने कई भारतीयों को यूक्रेन जंग में धकेला : नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब भारतीय परिवारों के लिए एक बड़ा मानवीय संकट बन गया है। बेहतर भविष्य और नौकरी के लालच में रूस भेजे गए हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और अन्य राज्यों के कई युवाओं को धोखे से रूसी सेना में भर्ती कराकर यूक्रेन के युद्ध मोर्चे पर धकेल दिया गया है।

# भारत का जुड़ाव संतों से, इसलिए संकट में नहीं : डॉ. भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हम सब अलग-अलग दिखते हैं, पर जुड़े हुए हैं यही जुड़ाव भारत की पहचान है, जो दुनिया के पास नहीं है। इसी कारण आज विश्व संकट में है और भारत की ओर आशा से देख रहा है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बीएपीएस श्री स्वामिनारायण संस्था के जीवन उत्कर्ष महोत्सव में व्यक्त किए। वह होटल विजन महल में संतविभूति प्रमुखस्वामी महाराज पर आधारित पुस्तक संत विभूति प्रमुख स्वामी महाराज के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत धर्म, संस्कृति और आध्यात्म पर आधारित देश है। दुनिया के पास भारत के अलावा कोई रास्ता नहीं है, क्योंकि भारत जीवन के हर क्षेत्र में धर्म और संस्कृति को जोड़कर चलता है।



### प्रेरक संतों का संगम, गरिमा का गौरव

महोत्सव के प्रथम दिवस पर आत्मतृप्त स्वामी ने संस्कृति के ज्योतिर्धर प्रमुखस्वामी महाराज विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अवसर पर लेखक भद्रेशदास स्वामी, आबूधाबी हिंदू मंदिर के संचालक ब्रह्मबिहारी स्वामी और वरिष्ठ संत ईश्वरचरण स्वामी ने भी अपने विचार रखे। ईश्वरचरण स्वामी ने जबलपुर भूमि की आध्यात्मिक गरिमा को नमन करते हुए कहा कि यहां की संस्कृति संत परंपरा की धरोहर है।

**'मदरसे में नकली नोट, भारत को अस्थिर करने का षड्यंत्र' : भोपाल।** खंडवा जिले में एक मदरसे से 19 लाख रुपये से अधिक की नकली करेंसी बरामद होने के मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रामेश्वर शर्मा ने मदरसों पर गंभीर आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, 'मदरसे अवैध गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं, पहले ऐसा नहीं था। बाहर के लोग आकर मदरसे में काम कर रहे हैं, साथ ही अवैध गतिविधियां भी संचालित कर रहे हैं।

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.
O/o Chief Engineer (S&P), 3rd Floor, SLDC Building, CSPTCL, Raipur (C.G.)

No. 02-16/CE/Enquiry TR-25/S&P/37/1009 Raipur, dtd- 03/11/2025

### E - TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited for supplying following materials: -

| Sl. No. | Tender No. | Particulars | Qnty. | EMD (Rs.) | Due date Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Enquiry TR-25/S&P/37 Rfx No. 8100047086 | RTU Interface Junction Box | 04 Nos. | 10,000/- | 24/11/2025 (15.30 Hrs.) |
| | | Data Integration & Data Transfer Fiber Optic Cable (ST-ST) | 11 Nos. | | |

For all other details of NIT, please visit our web site www.cspc.co.in.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P),, CSPTCL : Raipur

## RAIPUR DISTRICT URBAN PUBLIC SERVICE SOCIETY
OFFICE OF THE COLLECTORATE PREMISES OFFICE ROOM NO.17 RAIPUR 492001

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in**
**(Call-2nd call)**

NIT NO:/2195/RDUPSS/CITY BUS/2025 RAIPUR DATED : 03/11/2025

Online bids are invited for the following works up to 18/11/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | Probable amount of contract (with GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | 178612 | प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 50 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य। | Rs. 99,90,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 03/11/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

**Note:**- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc @cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**Executive Engineer (RDUPSS)**
**raipur district urban public service society**
**Raipur (C.G.)**

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001

E-Mail - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

CORRIGENDUM - 3

Name of Work: Request for Pre-Qualification for Empanelment of Agency for Operation Maintenance of LED Street Lights in Urban Local Bodies of Jharkhand

Ref PR No.: 363006
Tender ID: 2025_UDD_105261_1
NIT No.: JUIDCO/NIT/EMP/OnM/SL/2025-665

Corrigendum – 3 for the tender "Request for Pre-Qualification for Empanelment of Agency for Operation Maintenance of LED Street Lights in Urban Local Bodies of Jharkhand" has been published on the Government of Jharkhand's e-procurement website.
All bidders are requested to review it before submitting their bids.

Sd/-
(B K Roy)
Project Director (Technical)

PR 365190 Urban Development (25-26)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, DHANBAD.
(Luby Circular Road, Dhanbad)
Telephone No.0326-2313339
e-mail: eenhdhanbad-jhr@nic.in

### Notice Inviting Bid Cancellation
(PR No. - 346351 Road(24-25).D)

Notice Inviting Bid for the work "Construction of ROB at Km. 198 of NH-114A at Sapha (LC No. 20SPL/E) in the State of Jharkhand under EPC Mode (Job No.-NH-114A-JHR-2020-21/286) as published vide Tender Reference No. NH/Dhanbad/ 01/2024-25 (3rd Call) dated 13.02.2025 and Tender ID No. 2025_MoRTH_849524_1 is hereby cancelled due to administrative reason.

**Executive Engineer,**
National Highways Division,
Dhanbad

PR 365171 Road(25-26)D

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19,
Nava Raipur Atal Nagar Dist. raipur-492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

### E-Procurement RFP Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites E-Tender on EPC mode for following works:-
NIT No: 74/CFC/EE-E/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 31.10.2025
**Name of Work:-** Selection of Agency for Designing, Engineering, Supply, Construction, Testing, Commissioning, AMC And Operation & Maintenance of Infrastructure works at Common Facility Center in Sector 22 Nava Raipur Atal Nagar, Raipur.
Estimated cost:- INR: 104.68 Crore EMD: 1.06 Crore Period of Completion: 300 days for establishment of CFC & 5 Years O&M
Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 21.11.2025
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-45765/1

**Engineer-in-Chief**
**NRANVP**

## निदेशक विस्तार शिक्षा (पॉलीटेक्निक)
दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग
(prabhariadhikari.vp2@gmail.com)

क्र.नि.वि.शि.पॉली / दा.वा.च.का.वि.वि./2025/192 दुर्ग, दिनांक 29/10/2025

### // Walk-in Interview for Teaching Assistant//

दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत संचालित मात्स्यिकी पॉलीटेक्निक राजपुर धमधा में (चार) 04 Teaching Assistant की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार (Walk-in Interview) कार्यालय निदेशक विस्तार शिक्षा, दुर्ग में दिनांक 11/11/2025 को प्रातः 11.00 बजे से आयोजित है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीद्वार निश्चित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होवें । साक्षात्कार की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट (dsvckvdurg.ac.in) पर उपलब्ध है।

**निदेशक विस्तार शिक्षा**

## कार्यालय नगर पंचायत लालबहादुर नगर जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
Email:- nplalbahadur@gmail.com

क्रमांक/1197/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 लालबहादुर नगर, दिनांक 03/11/2025

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ( Online ) निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | लागत राशि (रू.लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 178637 | Design, Construction, Testing, Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Lal Bahadur Nagar, Chhattisgarh (3rd Call) | Rs 53.72 | 13/11/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत लालबहादुर नगर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्र./ 631/ निविदा/ लो.नि.वि./ 2025 भिलाई-चरौदा, दिनांक 28.10.2025

### // मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मों / एजेन्सी द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु **दिनांक 29.10.2025 से दिनांक 20.11.2025 समय सायं 5:30 बजे तक** मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | वार्ड क्र. 01 हथखोज में संतोष यादव से नारायण घर तक सीसी रोड | रू. 4.03 |
| 2 | वार्ड क्र. 02 हथखोज बस्ती में जगदीश साहू से नागेश घर तक सीसी रोड | रू. 4.20 |
| 3 | वार्ड क्र. 04 मनोरंजन चौक से भागवत देवांगन तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 4.56 |
| 4 | वार्ड क्र. 07 लतारे घर से झम्मन साहू तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 4.98 |
| 5 | वार्ड क्र. 08 में सुप्रभात स्कूल से एवन बंछोर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 3.78 |
| 6 | वार्ड क्र. 11 विद्युत नगर शांति नगर में दुर्गा मंदिर से दीप सिंह राजपूत घर तक पेवर ब्लॉक कार्य | रू. 9.02 |
| 7 | वार्ड क्र. 13 में योगेश घर से पूर्णिया घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 5.00 |
| 8 | वार्ड क्र. 15 में शिव धाम के पास गार्डन निर्माण कार्य | रू. 5.00 |
| 9 | वार्ड क्र. 16 बाजार चौक में नेशनल कान्वेंट स्कूल से पाठक घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | रू. 9.03 |
| 10 | वार्ड क्र. 17 में नारायण घर से श्री हरण घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 9.10 |
| 11 | वार्ड क्र. 19 पटुम नगर में ओ. पी. वर्मा घर से नारायण सोने घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 5.00 |
| 12 | वार्ड क्र. 21 चरौदा बस्ती में पम्प हाउस से कन्हैया घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 9.03 |
| 13 | वार्ड क्र. 23 में सोनकर घर से कल्पना घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 5.45 |
| 14 | वार्ड क्र. 25 में परपंजे घर से किरण दीदी घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 5.04 |
| 15 | वार्ड क्र. 30 में मकसुदन कोटवार घर से संतोष यादव तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य | रू. 5.30 |
| 16 | वार्ड क्र. 31 में संजय बंजारे के घर से रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 4.94 |
| 17 | वार्ड क्र. 32 देवबलोदा में मानसिंह यादव से नहर और नील यादव से दाउ घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 8.95 |
| 18 | वार्ड क्र : 33 में कमल तांडी से रविन्द्र हरपाल तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 4.89 |
| 19 | वार्ड क्र. 35 में शिवा चौक के पास पेवर ब्लॉक कार्य | रू. 3.00 |
| 20 | वार्ड क्र. 36 में पेंड्री तालाब पार में आरसीसी नाली निर्माण कार्य | रू. 5.00 |
| 21 | वार्ड क्र. 38 सोमनी में बसंत चौधरी से डोमार एवं पंचू यादव से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य | रू. 9.33 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेब-साईट **www.nagarnigambhilaicharoda.com** से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा / स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए"

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा**





# तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' इस साल खास त्योहार पर रिलीज होगी। अनन्या पांडे और कार्तिक आर्यन इस त्योहारी सीजन में खुशियां बिखेरने के लिए एक साथ आ रहे हैं। समीर विदवान्स के निर्देशन और धर्मा प्रोडक्शंस के सहयोग से बनी रोमांटिक फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। सोमवार को कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का एक पोस्टर शेयर किया। जिसमें अनन्या और कार्तिक दोनों एक साथ बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं फिर आ रहा हूं। इस बार क्रिसमस 25 दिसंबर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी।

लाइफ Style

# अनुपर्णा

## सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज ने जिंदगी में लाया बदलाव

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मशहूर फिल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय को हाल ही में 82वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्हें काफी प्रशंसा मिली। अब अनुपर्णा ने अपनी इस जीत के अनुभवों को साझा किया।

अनुपर्णा ने अपनी ऐतिहासिक जीत को अपने जीवन का एक लाइफ चेंजिंग मूमेंट बताया। एक बातचीत में अनुपर्णा ने अपने प्रति इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर बात की। इसके बाद उनके जीवन में बदलाव आया और उन्हें स्वतंत्र फिल्म मेकर के रूप में ज्यादा अवसर मिलने लगे। अपनी जीत के अनुभवों को साझा करते हुए निर्देशक ने बताया कि मैं इसका पूरा आनंद ले रही हूं। एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता के रूप में इसने मुझे जो अनुभव दिया, वह अद्भुत था, क्योंकि अब निर्माता मेरे लिए बहुत सुलभ हैं और मैं भी उनके लिए सुलभ हूं। मैं उन्हें अपना अगला प्रोजेक्ट बता सकती हूं। एक फिल्म निर्माता के रूप में आपको और क्या चाहिए। जब आपको अपना अगला प्रोजेक्ट बताने का मौका मिलता है और वो भी जीत की वजह से या अपनी पहली फिल्म की वजह से आपको एक और फिल्म करने का मौका मिलता है, तो यह सबसे बड़ी खुशी की बात होती है। निर्देशक ने अपनी स्वतंत्र फिल्म के निर्माण के दौरान आने वाली शुरुआती चुनौतियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, जब मैंने यह प्रोजेक्ट शुरू किया, तो मैंने कभी निर्माताओं के बारे में नहीं सोचा, मैंने कभी किसी चीज के बारे में नहीं सोचा।



हॉलीवुड मसाला



# जिम से किया प्यार का इजहार


**लॉस एंजिल्स।** 56 वर्षीय हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने इंस्टाग्राम पर जिम कर्टिस के साथ अपने रिश्ते पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। अभिनेत्री ने एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, जिससे चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। नेटिजंस ने कहना है कि उन्होंने सगाई कर ली है। अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने हिप्नोथेरेपिस्ट जिम कर्टिस को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए अपनी एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इसमें वह जिम को पीछे से गले लगा रही हैं।

# गायिका ब्रिटनी ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट



**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पर कई क्रिप्टिक और इमोशनल पोस्ट साझा किया था। अब अचानक उनके इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट होने पर उनके प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है। अमेरिकन गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स का अकाउंट रविवार यानी 2 नवंबर को डिलीट हो गया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने पूर्व पति केविन फेडरलाइन की याद में कई चिंताजनक पोस्ट साझा किया था। बीते कुछ दिनों पहले सिंगर ने एक डांस करने वाला वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों जेडन जेम्स और सीन प्रेस्टन को टैग करते हुए कैप्शन भी लिखा था। हालांकि, इस पोस्ट के कमेंट्स उन्होंने बंद कर दिए थे, जिसने नेटिजंस को हैरान किया। इसके अलावा 7 अक्टूबर को गायिका ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो शेयर किया। जिसमें उनके हाथों पर चोट के निशान और हाथों व कलाइयों पर पट्टियां बंधी हुई दिखाई दे रही थीं। कैप्शन में उन्होंने बताया कि वह अपने दोस्त के घर सीढ़ियों से गिर गई थीं। कैप्शन में उन्होंने बताया कि जब वह फेडरलाइन के साथ रहती थीं। उन्होंने कहा, 'मेरे बेटों को छोड़कर माउई वापस जाना पड़ा।'

# एक दीवाने की दिवानियत का सौ करोड़ पार




**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनकी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' ने 100 करोड़ का वर्ल्डवाइड ग्रास कलेक्शन कर लिया है। इस बात से वह काफी खुश हैं, क्योंकि यह उनके कॅरियर की सबसे सफल फिल्म बन चुकी है। इंस्टाग्राम पोस्ट पर हर्षवर्धन ने कैप्शन लिखा, 'मिला पूरी दुनिया का प्यार, दीवानों ने किया सौ करोड़ पार।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म का बजट लगभग 30 करोड़ रुपए बताया गया है। वर्ल्डवाइड यह फिल्म ग्रास 101.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस तरह देखा जाए तो फिल्म ने अपने बजट से तीन गुना ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' ने 14वें दिन यानी सोमवार को 42 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म ने रविवार को 3.48 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। कुल कमाई की बात करें तो फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 64.55 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। दो हफ्ते में आकर हर्षवर्धन की फिल्म ने यह कमाई की है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' एक जुनूनी आशिक की कहानी है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने विक्रमादित्य नाम के एक आर्टिस्ट का रोल किया है। जो अदा (सोनम बाजवा) नाम की लड़की के प्यार में डूब जाता है।

**'तेरे इश्क में' का नया गाना रिलीज :** मुंबई। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' सोमवार रिलीज हो चुका है। इस गाने में धनुष और कृति सेनन के रिश्ते की गहराई को दिखाया गया है।कृति सेनन और धनुष ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' लगाया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उसे केहना जो आंखें बोल गई, पर दिल नहीं कह सका.. रिलीज हो चुका है। इस साल 28 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' इस गाने की शुरुआत धनुष के सवाल से होती है कि क्या कृति कभी उनसे प्यार करती थी और कृति भावुक होकर रो पड़ती है। इस फिल्म में धनुष ने शंकर नाम के आशिक का किरदार निभाया है और कृति ने मुक्ति का रोल अदा किया है। 'उसे कहना' गाने को नितेश अहेर और जोनिता गांधी ने गाया है।



# महाभारत- एक धर्मयुद्ध की एआई ने डुबोई लुटिया

**नई दिल्ली।** इन दिनों जियो हॉटस्टार पर माइथोलॉजिकल शो 'महाभारत- एक धर्मयुद्ध' का ऑडियंस में जदबरदस्त क्रेज नजर आ रहा है। जहां बीआर चोपड़ा के महाभारत की झलकियां आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं, वहीं अब एआई के सहारे इस माइथोलॉजिकल कहानी को नए जेनरेशन के लिए कुछ इस तरह से तैयार किया गया है कि वो उससे कनेक्ट हो सकें। एआई से तैयार किए गए इस शो के रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए शो में कुछ ऐसा दिख गया है जो लोगों को हजम नहीं हो पा रहा। 'रामायण' और 'महाभारत' के काल को दिखाने वाले इस शो में हस्तिनापुर का एक सीन दिखाया गया है। यहां पर कहानी भीष्म के जन्म पर बेस्ड दिखाई गई है। इस शो का पहला एपिसोड 25 अक्टूबर को स्ट्रीम हुआ है। इस सीन में दिखाया जाता है कि कैसे मां गंगा अपने नवजात बच्चे के साथ हस्तिनापुर के महल के कमरे में हैं। इसी दौरान लोगों की नजरें बेड के किनारे मॉडर्न फर्नीचर दिख रहा है। बेड के किनारे रखी साइड टेबल पर लोगों की निगाहें पड़ी हैं, जिसमें ड्रॉअर्स भी बने हैं। बेड के ऊपर रखा तकिया भी नए दौर का नजर आ रहा है। एक ने कहा- हस्तिनापुर में मॉडर्न फर्नीचर होता था क्या? हालांकि, एआई के सहारे उस सदी के इंटीरियर से कमरे के लुक को मैच करने की पूरी कोशिश की गई लेकिन इस एक चूक से लोगों के बीच जमकर मजाक हो रहा है। अब इसी सीन के स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर इसे खूब शेयर किया जा रहा है। लोगों ने कॉमेंट्स भी किए हैं। एक ने कहा- बेड साइड टेबल देखकर मेरी हंसी नहीं रुक रही है। एक और ने कहा- एक सीन में दीवार पर फोटो में किसी ने सूट पहन रखा था। अब लोगों ने कहना शुरू किया- वैसे तो देखने का प्लान नहीं था लेकिन अब फ़न के लिए देखना पड़ेगा। वहीं कुछ ने ऐसे सीन को दुखद बताया है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मसी

| Nursing Course | Duration |
| --- | --- |
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

## कुक

आवश्यकता है- घर में काम करने के लिए कुशल महिला की आवश्यकता है जो खाना बनाने व अन्य कार्य में निपुण हो। वेतन योग्यता अनुसार रहने की सुविधा है। 9340109282, 9425207767.(RO-6554)

## सफाई कर्मचारी

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्ति : चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800. (RO-7000)

## दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है मोबाइल 7067048454. (RO-6556)

आवश्यकता है- कार एसेसरीज की दुकान में काम करने के लिए लड़कों और लड़कियों की जरूरत है। जरूरतमंद ही संपर्क करें। भाव्य ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो. 8815995939.(RO-344)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-464)

## चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- अमृता हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ (बीएससी /GNM/ANM ) - 05 OT स्टाफ - 02 , फार्मेसी स्टाफ - 01 की आवश्यकता है। संपर्क करे - अमृता हॉस्पिटल टाटीबंध रायपुर 7770003287, 7770003286.(RO-481)

## सेल्स/इंजीनियर

आवश्यकता है- फैक्ट्री हेतु सेल्स पर्सन - 2,मैकेनिकल इंजीनियर डिग्री/डिप्लोमा -3, परचेस पर्सन - 2,कंप्यूटर ऑपरेटर - 2,फील्ड ऑपरेटर, सुपरवाइजर -2 - 2, हैल्पर, वेल्डर, फिटर की अवश्यकता है संपर्क -पाल बॉडी वर्क्स, टाटीबंध चौक, रायपुर । मोबाइल - 9039857933, 9685697933.(RO-359)

## शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है संपर्क मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा थाना के सामने, रायपुर मोबाइल : 9827109679. (RO-358)

## घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध बायोडाटा सहित सम्पर्क करें - पाटलिपुत्र कॉलोनी लोयला स्कूल के बाजू में वसंत विहार चौक बिलासपुर 7974770055, 8889997826 (RO-38966)

## सर्विसिंग कार्य

आवश्यकता है- दो पहिया वाहन धुलाई (सर्विसिंग) हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000/- अनुभवानुसार संपर्क करें:- किशोर ऑटो पार्ट्स जय शंकर प्लाजा डगनिया मोबाइल 9425203217.(RO-352)

## ठेकेदार/मिस्त्री

आवश्यकता है- कूलर फैक्ट्री में विंडो कूलर बनाने एवं मिग वेल्डिंग,गैस वेल्डिंग करने के लिए ठेकेदार एवं मिस्त्री की आवश्यकता है। संपर्क - कूलर हाउस,गांधी चौक,रायपुर मोबाइल 9827129211.(RO-353)

## ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, पास लड़कों की अवसकता है जो कटनी दमोह ग्वालियर में काम कर सके वेतन- 12000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री, ट्रेनिंग बाद 12,000 से 20000 महीने। संपर्क करें- 8982690021, 9993911979.(RO-511)

आवश्यकता है- ग्वालियर में ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 + कमीशन + बोनस के साथ कमाए 15000-20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया का कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करे - 9039470547.(RO-512)

## होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान .जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव- प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.- 98932-15251, 89669-81590.(आरो न.-682)

## Appointment आवश्यकता

## सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यतानुसार (आवास फ्री) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर, 7747000019, 7747000016, 7746000016. (RO-348)

## ऑपरेटर/अकाउन्टेन्ट

आवश्यकता है- दाल मिल में कार्य हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है-टेली डाटा एन्ट्री ऑपरेटर - (वेतन 12,000/-15,000/-), जूनियर एकाउन्टेंट-(15,000/प्रारंभ), सीनियर एकाउन्टेंट-(20,000/प्रारंभ), दाल मिल कार्य हेतु अनुभवी कर्मचारी- (वेतन 13,000 प्रारंभ, कम्प्युटर जानकार को 15,000/) हमाली कार्य हेतु 6 मजदूर। 4 मजदूर कुली कार्य हेतु संपर्क- कन्हैयालाल संतोषकुमार दालमिल बंजरपारा, सड्डु, विधानसभा, रायपुर- 9826141178. (RO-6553)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Tour & Travels यात्रा

तीर्थयात्रा- शिव शक्ति ट्रेवल्स द्वारा स्लीपर बस से मैहर,चित्रकोट धाम, अयोध्या, बनारस, मैनपाट की यात्रा करा रहा है जिसका किराया मात्र 7200/- है। एडवांस 2200/- संपर्क करें :- 95165-34386.(आरो न.-685)

## Business व्यापार

व्यापार- जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099. (RO-302)

## For Rent किराया

किराये से देना है- बंजारी मंदिर के पीछे FMCG में 2250sqft के दो गोदाम पक्की छत, लेट-बाथ, बोर, 3000sqft पार्किंग सहित 22500/- प्रत्येक या 45000/- में दोनों एक साथ किराये से देना है। संपर्क- 9098118228.(11 से 5 बजे) (RO-6555)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 7494964768.(RO-349)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



## जैकेट के शेष

### नवा रायपुर में 9 फाइटर प्लेन ...

उनका फुल ड्रेस रिहर्सल होगा और बुधवार को सुबह 10 से 12 बजे के बीच इसका आयोजन किया जाएगा। वायुसेना के प्लेन पांच मीटर के अंतर से उड़ान भरते हुए आसमान में तिरंगा तैयार करेंगे। इसके अलावा बॉम्ब बर्स्ट, हार्ट इन द स्काई और एरोहेड जैसे शानदार प्रदर्शन कर देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास करेंगे। न्यू सर्किट हाउस में सोमवार को आयोजित पत्रवार्ता में कड़ी मशक्कत के बाद इन फाइटर प्लेन को उड़ाने में महारत हासिल करने वाले ग्रुप कैप्टन अजय दशराठी, स्क्वॉडन लीडर जसदीप सिंह, राहुल सिंह, गौरव पटेल, संजेश सिंह एवं फ्लाइट लियुटेंट कंवल संधु ने बताया कि सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम पिछले 15 सालों से इस तरह के एयर शो कर रही है। देश के अलावा उन्होंने विदेशों में जाकर भी अपना शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शो के निर्धारित समय यानी 10 से 12 बजे के बीच अंतिम पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसके बाद बुधवार को एयर शो का आयोजन होगा। एयरफोर्स से जुड़े इन पायलटों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के मन में देशभक्ति का जज्बा पैदा करना और एयरफोर्स की तरफ आकर्षित करना होता है। इस एयर शो में फाइटर प्लेन में 100 से 10 हजार फीट की ऊंचाई के बीच अपना करतब दिखाएंगे। पांच मीटर के फासले में उड़ने वाले विमान आसमान में तिरंगा तैयार करेंगे और अन्य तरह के शानदार शो का आयोजन करेंगे। टीम के सदस्य इस जोखिम भरे करतब के लिए 6 महीने की कड़ी ट्रेनिंग कर करते हैं और 6 माह शो में शामिल होते हैं।

### अनिल को 3084 रुपए करोड़ ...

और पूर्वी गोदावरी में कई अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। मुंबई में चर्चगेट की 'नागिन महल' बिल्डिंग में ऑफिस, नोएडा में बीएचए मिलेनियम अपार्टमेंट्स और हैदराबाद में कैमस कैप्री अपार्टमेंट्स उन संपत्तियों में से हैं, जिन्हें ईडी ने फिलहाल कुर्क किया है। सूत्रों के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,084 करोड़ रुपए है। यह मामला रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) द्वारा जुटाए गए सार्वजनिक धन की कथित हेराफेरी और धनशोधन से संबंधित है। यस बैंक ने 2017 से 2019 के दौरान आरएचएफएल में 2,965 करोड़ रुपये और आरसीएफएल में 2,045 करोड़ रुपये का निवेश किया था। ईडी के अनुसार, दिसंबर 2019 तक ये निवेश 'गैर-निष्पादित' निवेश में बदल गए, जिसमें आरएचएफएल पर 1,353.50 करोड़ रुपये और आरसीएफएल पर 1,984 करोड़ रुपये बकाया थे। अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी ने कहा कि जांच में पाया गया कि भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) के म्यूचुअल फंड हितों के टकराव फ्रेमवर्क के कारण अनिल अंबानी समूह की वित्तीय कंपनियों में रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड का प्रत्यक्ष निवेश 'कानूनी तौर पर संभव नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए, आम लोगों द्वारा म्यूचुअल फंड में निवेश किया गया पैसा अप्रत्यक्ष रूप से यस बैंक के जरिए अनिल अंबानी समूह की कंपनियों तक पहुंचाया गया। ईडी ने कहा कि उसकी जांच से पता चला है कि पैसे को आरएचएफएल और आरसीएफएल में यस बैंक के जरिए 'अप्रत्यक्ष रूप से' भेजा गया था, जबकि इन दोनों कंपनियों ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़ी कंपनियों को ऋण दिए थे।

**रिलायंस कम्युनिकेशंस भी निशाने पर :** ईडी ने अनिल अंबानी के रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उससे जुड़ी संस्थाओं में भी अपनी जांच का दायरा बढ़ाया है। इसमें 13,600 करोड़ रुपए से ज्यादा की ऋण धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। इसमें से 12,600 करोड़ रुपए से ज्यादा कथित तौर पर संबंधित पक्षों को ट्रांसफर किए गए, जबकि 1,800 करोड़ रुपए समूह की अन्य कंपनियों तक पहुंचाने से पहले सावधि जमा और म्यूचुअल फंड के माध्यम से ट्रांसफर हुए।

### छुट्टी के बाद पहली की छात्रा...

खोजबीन शुरू की और शाम करीब पांच बजे स्कूल पहुंचे। वहां स्कूल भवन के अंदर से बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। सूचना मिलने पर शिक्षिका और चपरासी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने ताला खोलकर बच्ची को बाहर निकाला। छात्रा करीब एक घंटे तक स्कूल में बंद रहीं।

**जांच की मांग और सुरक्षा पर सवाल:** स्थानीय लोगों ने जिला शिक्षा विभाग से इस मामले की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार शिक्षकों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### चैतन्य की जमानत याचिका ...

पर सुप्रीम कोर्ट में 31 अक्टूबर को सुनवाई हुई थी। शीर्ष अदालत ने ईडी को 10 दिनों के भीतर अपना काउंटर एफिडेविट दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस दौरान चैतन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क रखा, जबकि ईडी की ओर से एएसजी एस.वी. राजू उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि ईडी की कार्रवाई में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लो, अनवर ढेबर, आईटीएस अफसर अरुण पति त्रिपाठी और पूर्व मंत्री कवासी लखमा समेत कई प्रमुख लोग पहले से न्यायिक हिरासत में हैं।

### छत्तीसगढ़ समेत 12 राज्यों में ...

प्रकाशित की गई थी। बिहार में करीब 7.42 करोड़ नामों को मतदाता सूची में शामिल किया गया था। दूसरे चरण में, जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की कवायद होगी, उनमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होने हैं, लेकिन वहां मतदाता सूची के पुनरीक्षण की घोषणा अलग से की जाएगी, क्योंकि राज्य में नागरिकता सत्यापित करने के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में प्रक्रिया चल रही है। साथ ही नागरिकता कानून का एक अलग प्रावधान असम में लागू होता है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 27 अक्टूबर को एसआईआर के नये चरण की घोषणा करते हुए कहा था, नागरिकता अधिनियम के तहत, असम में नागरिकता के लिए अलग प्रावधान हैं। उच्चतम न्यायालय की निगरानी में नागरिकता की जांच का काम पूरा होने वाला है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था। ऐसी परिस्थितियों में, यह असम पर लागू नहीं होता।

**कोई पात्र न छूटे:** आयोग का मानना है कि एसआईआर से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और किसी भी अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं रहे।

**क्यों हो रहा एसआईआर:** एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध विदेशी प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें सूची से बाहर निकालना है। बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध प्रवासियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण है। जून में बिहार में एसआईआर शुरू किया गया था, तो कई राजनीतिक दलों ने दावा किया था कि दस्तावेजों के अभाव में करोड़ों पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

# न्यूयॉर्क में मेयर का चुनाव आज भारतवंशी ममदानी का दावा मजबूत

## डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे, ट्रंप का होगा लिटमस टेस्ट

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिका में न्यूयॉर्क सिटी 4 नवंबर को अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे। वॉशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं। यह चुनाव तय करेगा कि ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। यानी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह चुनाव अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट साबित होने वाला है। न्यूयॉर्क मेयर के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरें हैं। वे न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं।

# केवल शादी से इनकार कर देना आत्महत्या के लिए उकसाने के बराबर नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि सिर्फ शादी से इनकार कर देने भर से किसी व्यक्ति



पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 107 के तहत मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता। इसे आत्महत्या के लिए उकसाने के बराबर नहीं माना जा सकता। यह फैसला जस्टिस डी. बी. पारडीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने दिया। यह मामला यादविंदर उर्फ सनी द्वारा दायर याचिका से जुड़ा था। दरअसल, एक मामले में मृतक युवती की मां ने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि आरोपी युवक ने शादी का वादा करने के बाद शादी से इनकार कर दिया था।

### 'यह सिस्टम का मजाक है'

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने की मांग वाली एक याचिका को ख़ारिज कर दिया। कोर्ट ने इस मामले को न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग और 'सिस्टम का मजाक' बताते हुए याचिका पर सुनवाई करने से साफ इनकार कर दिया।

## नेपाल आंदोलन का हवाला देकर पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पोर्नोग्राफी पर बैन लगाने की मांग वाली याचिका पर फिलहाल कोई आदेश देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि नेपाल में जब ऐसा बैन लगाया गया, तो क्या हुआ, वो देखिए। अदालत का इशारा सितंबर में नेपाल में हुए उन प्रदर्शनों की ओर था, जब जेन Z के युवाओं ने सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन शुरू कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह याचिका चार हफ्ते बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी।


**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)**
( जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई )
(dpmu.jas@gmail.com, cmohealth@gmail.com)
Ph No 07763223375, Fax No- 07763220654

क्रमांक /5735 / एन.एच.एम. / 2025 जशपुर, दिनांक 30/10/2025

-: सूचना :-

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला जशपुर (छ.ग.) अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक/ 422 / एन.एच.एम. / संविदा भर्ती / 2024-25 जशपुर, दिनांक 18.01.2025 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / जिला स्वास्थ्य समिति जिला जशपुर (छ.ग.) के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन अंतर्गत वरीयता सूची, कौशल दक्षता परीक्षा सूची www.jashpur.nic.in में अपलोड की गयी है। कौशल दक्षता परीक्षा दिनांक 12 एवं 13 नवम्बर 2025 को आयोजित किया गया है।

वरीयता सूची, कौशल दक्षता परीक्षा सूची एवं कौशल दक्षता परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट www.jashpur.nic.in का अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला जशपुर (छ.ग.)
G-252604488/1



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**
Email id: ee-res.durg@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-14

ज्ञा.क्रं. 2761 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.से. /2025-26 दुर्ग, दिनांक 31/10/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2025-26 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 30.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। (जोनल निविदा ग्रुप क्र. 30,31,32,33,34,35,36,37,38, एवं 39) STN. 178316, 178317, 178319, 178320,178321, 178322, 178323,178324, 178326, 178327 | 40.00 लाख प्रति ग्रुप |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 31.10.2025 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14.11.2025 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
दुर्ग (छ.ग)
G-252604507/4


## पेज एक के शेष

### बेटियों पर जमकर बरसा पैसा...

ने एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया है। हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वैश्विक ट्रॉफी जीती। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को पीटीआई को बताया, बीसीसीआई विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सम्मान के तौर पर 51 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देगा। इसमें सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य शामिल हैं। बोर्ड ने बाद में बयान में कहा कि इस शानदार सफलता का सम्मान करने के लिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सहायक स्टाफ और चयन समिति के लिए 51 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है जो देश की खेल की शान में उनके बेहतरीन प्रदर्शन, लगन और योगदान को देखते हुए दिया गया है। बीसीसीआई ने भारत में महिला क्रिकेट के लिए जय शाह की 'अहम भूमिका' पर भी जोर दिया। जय शाह पहले बोर्ड के सचिव थे और अब आईसीसी के चेयरमैन हैं।

### हैदराबाद-बीजापुर हाईवे डंपर ने...

हैं। तांडूर से हैदराबाद जा रही बस का चालक भी हादसे में मारा गया। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मीडिया को बताया कि राज्य सरकार मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देगी। बस कंडक्टर के अनुसार, दुर्घटना के समय बस में 72 यात्री सवार थे। बस पर बजरी गिरने से कई यात्री वाहन के अंदर फंस गए और अधिकारियों ने मशीनों की मदद से बचाव एवं राहत अभियान चलाया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बस में सवार यात्रियों को वाहन से बाहर निकाल लिया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया तथा मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव और पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी को राहत कार्य युद्धस्तर पर संचालित करने का निर्देश दिया। इसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री ने कुछ मंत्रियों को भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचने को कहा है।

### हर मैच के लिए आकांक्षा ने रखा...

स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ की भूमिका में अहम योगदान दिया है। आकांक्षा ने मेडिकल की पढ़ाई छत्तीसगढ़ में की और मास्टर्स कटक (ओडिशा) में पूरा किया। उन्होंने फिजियोथेरेपी के क्लास में भाग लेते ही महसूस किया कि यही उनके लिए सही क्षेत्र है। क्रिकेट-मेडिकल सपोर्ट सिस्टम में उनकी रुचि और काम ने उन्हें राज्य टीम के बाद राष्ट्रीय टीम में भी अवसर दिलाया। उनके इस योगदान के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूरे जिले और प्रदेशवासियों की तरफ उनकी उपलब्धि और योगदान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं है।

**आगे की राह :** आकांक्षा ने चिकित्सकीय विज्ञान और मेडिकल सपोर्ट सिस्टम में अपनी पहचान बना ली है। अब उनका लक्ष्य सिर्फ समर्थन-कर्म में नहीं, बल्कि खेल-मेडिकल रिसर्च एवं उच्च-प्रदर्शन प्रणालियों के विकास में योगदान देना है। उनकी कहानी यह दिखाती है कि सिर्फ मैदान पर खेलकर ही नहीं, बल्कि खेल के पीछे खड़े विशेषज्ञों के योगदान से भी बड़े-बड़े लक्ष्य हासिल होते हैं। इस प्रकार, कवर्धा-छत्तीसगढ़ की आकांक्षा सत्यवंशी आज न केवल अपने जिले बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं — एक ऐसी महिला-विजेता समर्थन-कर्मी के रूप में, जिनका काम कम दिखता है लेकिन प्रभाव बहुत गहरा है।

### राष्ट्रीय टीम में...

प्रमुख काम था वान- 19 महिला टीम और सीनियर महिला टीम की खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी एवं प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखना। उदाहरण के लिए, वान-19 महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम में उन्होंने खिलाड़ियों को चोट-प्रबंधन और थैरेपी के माध्यम से शीर्ष स्तर पर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रतिबंध के बावजूद ...

से हुई दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने मुख्य सचिव को यह बताने कहा था कि प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चाइनीज मांझा कैसे उपलब्ध हो रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। दरअसल मामला रायपुर के पचपेड़ी नाका क्षेत्र का है, जहां 7 साल का एक बच्चा गार्डन में खेलते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया था। गंभीर चोटों के चलते उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा रायपुर के देवेंद्र नगर में एक महिला अधिवक्ता भी इसी मांझे के कारण घायल हुईं थी। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेकर इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया था।

## गाजा में संघर्ष के बीच भारत की यात्रा पर इजरायल के विदेश मंत्री

**हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली।** गाजा पट्टी में हमास के साथ जारी तनाव के बीच सोमवार से इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार की तीन दिवसीय (3 से 5 नवंबर तक) भारत यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। मंगलवार (4 नवंबर) को वह राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में अपने समकक्ष और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए मुद्दों (रक्षा, तकनीक, प्रौद्योगिकी), क्षेत्रीय विकास के अलावा साझा हितों से संबंधित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। इसके अलावा इजरायल के विदेश मंत्री की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी मुलाकात हो सकती है।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (Second Call)

NIT NO: 31/PWD/RMC/2025 RAIPUR DATED: 03.11.2025

Online bids are invited for the following works of works up to **20.11.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposite | Eligible class of contractor / firm | Time allowed for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 178658 | 18 junction Improvement works under Raipur Municipal Corporation | 593.37 Lakhs | 10,000 /- | 3,00,000 /- | "B" and Above | 18 Month (i/c rainy season)/- |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from **03.11.2025, 17:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in, 3 For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

CHIEF ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)


## परिवार के पास लौटी पाकिस्तानी हिंदू लड़की

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी में एक हिंदू लड़की का तीन महीने पहले अपहरण करके उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर एक बुजुर्ग मुस्लिम व्यक्ति से निकाह कर दिया गया था। तीन महीने तक यातनाएं झेलने के बाद, सिंध की एक अदालत के आदेश पर आखिरकार वह अपने परिवार से मिल सकी। कराची से लगभग 310 किलोमीटर पूर्व में स्थित उमरकोट की एक निचली अदालत ने सुनीता कुमारी महाराज को शनिवार को उनके परिवार से मिलाने का आदेश दिया। यह जानकारी हिंदू एक्टिविस्ट शिव काची ने दी, जो सुनीता के माता-पिता के लिए अदालत में मामले की पैरवी कर रहे थे। सुनीता को सिंध प्रांत के मीरपुरखास जिले के कुनरी कस्बे से अगवा किया गया था और उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर एक बुजुर्ग मुस्लिम व्यक्ति से उसकी जबरन शादी करा दी गई।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**
(Phone no. 07786- 296071, Email id - eekon-phe-cg@gov.in)

ऑनलाईन निविदा संशोधन सूचना क्रमांक – 01
जी क्रमांक - 252604055, 252604130, 252604151

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना में अपरिहार्य कारणों से निविदा के तिथियों में संशोधन किया जाता हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनॉक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12/08.10.2025 | 177279 | विकासखंड केशकाल में 15 नग नलकूप खनन कार्य (ग्रुप क्र. 01) | 15.11.2025 |
| 02 | 13/08.10.2025 | 177282 | विकासखंड केशकाल में 08 नग एवं फरसगांव में 07 नग नलकूप खनन कार्य ( ग्रुप क्र. 02 ) | |
| 03 | 14/08.10.2025 | 177284 | विकासखंड बड़ेराजपुर में 15 नग नलकूप खनन कार्य (ग्रुप क्र. 03 ) | |
| 04 | 15/08.10.2025 | 177286 | विकासखंड बड़ेराजपुर में 15 नग नलकूप खनन कार्य ( ग्रुप क्र. 04 ) | |
| 05 | 22/09.10.2025 | 177408 | बनजुगानी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | |
| 06 | 23/09.10.2025 | 177409 | करनपुर रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | |
| 07 | 26/09.10.2025 | 177411 | बागबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | |
| 08 | 27/09.10.2025 | 177413 | बीजापुर रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | |
| 09 | 29/09.10.2025 | 177415 | तितरवण्ड रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | |
| 10 | 34/10.10.2025 | 177503 | कुदालवाही एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | |
| 11 | 38/10.10.2025 | 177491 | चिपावण्ड रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | |
| 12 | 40/10.10.2025 | 177498 | चिचपोलंग एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | |
| 13 | 41/10.10.2025 | 177499 | चिखलपुटी एवं दूधगांव एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | |

उक्त निविदा की शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव (छ.ग.)
G-252604504/2


## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## जयराम रमेश का भाजपा जदयू पर हमला- 'बिहार में उद्योग नहीं, पलायन बढ़ा'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संचार प्रभारी महासचिव, राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने बिहार की नीतीश कुमार-भाजपा गठबंधन सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि बीते 20 वर्षों में राज्य में औद्योगिक विकास पूरी तरह ठप हो गया और सरकार ने 'सिर्फ़ पलायन उद्योग' को बढ़ावा दिया है।उन्होंने कहा कि असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार को भाजपा-जदयू की सरकारों ने राष्ट्रीय औद्योगिक नक्शे से लगभग मिटा दिया है।


**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक/आब./निविदा /2025/1223 धमतरी, दिनांक 31/10/2025


// भवन किराया द्वितीय निविदा सूचना //

धमतरी जिले में संचालित विदेशी मदिरा दुकान सुन्दरगंज को नवीन स्थल पर स्थानांतरण कर नवीन नाम विदेशी मदिरा दुकान कम्पोजिट नारी के नाम से संचालित किया जाना है, उक्त नवीन स्थल में भवन / दुकान का निविदा प्रक्रिया एवं चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रुपये 1000/- (अक्षरी - एक हजार रुपये) का चालान जम्प कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। जिला प्रबंधक, सी. एस. एम.सी.एल., जिला धमतरी के नाम से रूपये 10,000/- (अक्षरी - दस हजार रुपये) मूल्य की सुरक्षा निधि तकनीकी बिड के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि :- 03/11/2025 से 07/11/2025 तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 10/11/2025 समय दोपहर 02.00 बजे
निविदा खोलने की तिथि :- 10/11/2025 समय दोपहर 04.00 बजे
स्थान :- कक्ष क्रमांक 44 कलेक्टोरेट धमतरी
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
G-252604518/1


## शब्द पहेली - 6037



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5


**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -6036 का हल




## सूडोकु नवताल - 6047

★★★★☆ कठिन



### सूडोकु नवताल - 6046 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## खबर संक्षेप

### बजाज ऑटो की बिक्री अक्टूबर में 8 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की निर्यात सहित थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 5,18,170 इकाई हो गई। अक्टूबर 2024 में उसने 4,79,707 वाहन बेचे थे। कुल घरेलू बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 3,14,148 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 3,03,831 इकाई थी।

### लीलैंड का वित्तपोषण के लिए पीएनबी से करार



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लीलैंड ने अपने सभी डीलर को वित्त विकल्प मुहैया कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ साझेदारी करने की सोमवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत बैंक मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन कंपनी के डीलर को प्रतिस्पर्धी वित्त विकल्प प्रदान करेगा।

### टीसीपीएल के लाभ में 10.7 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने सोमवार को बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 10.7 प्रतिशत बढ़कर 406.51 करोड़ रुपये हो गया। इसमें मुख्य रूप से भारतीय कारोबार का विशेष योगदान रहा।

### एयरटेल का मुनाफा दोगुना होकर 8651 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना होकर 8,651 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी को 4,153.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 25.7 प्रतिशत बढ़कर 52,145 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 41,473.3 करोड़ रुपये थी। भारती एयरटेल का प्रति उपभोक्ता औसत मोबाइल राजस्व चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 256 रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 233 रुपये था।

## बिजनेस साइट

### एक्सिस बैंक की कला, शिल्प व साहित्य प्रतियोगिता आयोजित

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने कला, शिल्प और साहित्य पर अपनी वार्षिक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के 13वें संस्करण, स्प्लैश 2025 के शुभारंभ की घोषणा की है। एक्सिस बैंक के ब्रांड दर्शन - दिल से खुला से प्रेरित, इस वर्ष का विषय 'ड्रीम्स' युवा दिमागों को अपनी कल्पना और रचनात्मकता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

प्रतिभागी 31 दिसंबर 2025 तक https://www.axis-banksplash.in/ पर पंजीकरण कर सकते हैं और अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। बैंक चुनिंदा एक्सिस बैंक शाखाओं, स्कूलों और आवासीय कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) में ऑन-ग्राउंड प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य पूरे भारत में भौतिक और डिजिटल दोनों प्लेटफार्मों के माध्यम से 11 लाख से अधिक प्रतिभागियों को शामिल करना है। प्रतिभागी दो उप-विषयों के तहत अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं: 7-10 वर्ष आयु वर्ग के लिए 'मेरे सपनों के जीवन में एक दिन' 100 से अधिक क्षेत्र विशेषज्ञों का एक निर्णायक मंडल प्रविष्टियों का मूल्यांकन करेगा।

# होंडा एलिवेट का नया एडीवी एडिशन हुआ लांच, कीमत 15.29 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होंडा कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करते हुए देश में अपनी पॉपुलर एसयूवी एलिवेट का नया वर्जन लांच कर दिया है। इसका नाम है होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन।

- मॉडल के बाहरी हिस्से में सबसे ज्यादा बदलाव किए गए

यह नया और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन है। नया वेरिएंट होंडा एलिवेट की रेंज में सबसे ऊपर होगा, इसका मतलब है कि यह एलिवेट का टॉप मॉडल होगा। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी ने नए मॉडल में कई बदलाव किए हैं, जिससे यह स्पोर्टी लुक के साथ है और अच्छा भी लगता है।

## नए और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन

*इंटीरियर और फीचर : कार के इंटीरियर में भी बदलाव किए गए हैं, जहां पूरी तरह से ऑल-ब्लैक लेआउट दिया गया है। सीटों, दरवाजों के पैड और गियर लीवर पर ऑरेंज कलर की स्टिचिंग की गई है। इसमें डैशबोर्ड पर एक खास एडीवी टेरेन पैटर्न वाली इल्यूमिनेटेड गार्निश लगाई गई है, जो रात में कैबिन को एक अनोखी पहचान देती है।*




*गाड़ी के इंजन में बदलाव नहीं : होंडा एलिवेट के एडीवी एडिशन में केवल एक्सटीरियर और इंटीरियर बदलाव किए गए हैं, इंजन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें होंडा का पहले वाला ही 1.5-लीटर आई-वीटीईसी चार-सिलेंडर वाला पेट्रोल इंजन ही मिलता है।*

### सेफ्टी का पूरा ध्यान

होंडा की इस नई एसयूवी में कंपनी का एडवांस होंडा सेंसिंग एडास सूट दिया गया है, जिसमें अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन-कीपिंग असिस्ट, कोलिजन मिटिगेशन ब्रेकिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 360-डिग्री कैमरा (ऑप्शनल), लेनवॉच साइड कैमरा, छह एयरबैग और हिल स्टार्ट असिस्ट जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं।

*कार की कीमत : होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन को दिल्ली में 15.29 लाख रुपए शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत के साथ लांच किया गया है जो कि टॉप मॉडल के लिए 16.66 लाख रुपए तक जाती है। यह नया मॉडल तीन साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी और एक दशक तक की एनीटाइम वारंटी सपोर्ट के साथ आता है।*

होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन हाल ही में लांच हुए कई लिमिटेड एडिशन के बाद आया है। इसके बाहरी हिस्से में सबसे बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे इसे एक स्पोर्टी लुक मिलता है। इसमें एक रिडिजाइन किया गया ग्रिल सेक्शन है, जिस पर ऑरेंज कलर का टच दिया गया है, जो सामने के लुक को आकर्षक बनाता है। गाड़ी में ब्लैक-आउट रूफ रेल्स, एडीवी बैजिंग और ऑरेंज एक्सेंट के साथ ब्लैक फिनिश वाले अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुड (बोनट) और फॉग लैंप एरिया समेत पूरी बॉडी पर ऑरेंज डिटेलिंग दी गई है, जो इसे और ज्यादा स्पोर्टी लुक देती है। ग्राहकों को ड्यूल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं, जिसमें मीटियोरॉइड ग्रे मैटेलिक और लुनार सिल्वर मैटेलिक डुअल-टोन ऑप्शन शामिल किए गए हैं।

### अंतरिम सरकार ने कहा, समझौता रद्द करने संकोच नहीं किया जाएगा

# अनियमितता के मामले में अदाणी के साथ समझौते रद्द किए जा सकते हैं: बांग्लादेश

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि कोई अनियमितता या भ्रष्टाचार साबित होने पर भारत के अदाणी समूह के साथ मौजूदा बिजली समझौतों को रद्द करने में संकोच नहीं किया जाएगा। अदाणी पावर और बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता पिछले साल शेख हसीना नीत सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया था।

स्थानीय मीडिया ने ऊर्जा मामलों के सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान के हवाले से कहा, " समझौतों में (सामान्यतः) यह कहा गया है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है लेकिन यदि इसके विपरीत साबित होता है तो इन्हें रद्द किया जा सकता है।'' राष्ट्रीय समीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत एक अंतरिम रिपोर्ट पर सलाहकार ने यह प्रतिक्रिया दी।

### समिति का गठन हसीना शासन के लिए किया गया था

समिति का गठन हसीना शासन के दौरान बिजली क्षेत्र के समझौते की समीक्षा के लिए किया गया था। सलाहकार की टिप्पणी पर अदाणी समूह की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है

*प्रमुख न्यायविद शाहदीन मलिक ने सरकार से विदेशी समझौतों को रद्द करने के जोखिमों पर विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विदेशी समझौतों को रद्द करने के कानूनी आधार मौजूद हैं और मामले को अंतरराष्ट्रीय अदालत में ले जाने पर पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है।*

- अदाणी पावर व बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता हुआ था
- हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया
- अदाणी समूह की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं की गई




### 100 फीसदी बिजली बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी

चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि समिति ने अदाणी समूह के साथ बिजली खरीद सौदे पर भी एक अलग रिपोर्ट तैयार की है। इन 2017 के सौदे के तहत झारखंड में अदाणी पावर के गोड्डा बिजली संयंत्र को 25 वर्षों की अवधि के लिए कोयले से उत्पन्न 100 प्रतिशत बिजली की बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी।

*हसीना के समय अंतरिम रिपोर्ट सौंपी गई : उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मोइनुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय समीक्षा समिति ने हाल ही में हसीना शासन के दौरान हुए सौदों में कथित भ्रष्टाचार पर अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है। समिति के जनवरी में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।*

*कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो सबूत मिलेंगे : सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने नाम उजागर किए बिना एक व्यक्ति के हवाले से कहा, " हमारा मानना है कि जब अदाणी और भ्रष्टाचार में शामिल अदाणी से संबंधित कुछ अन्य कंपनियों के खिलाफ देश एवं विदेश में कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो आपको भ्रष्टाचार के मजबूत सबूत मिलेंगे।'*

### विदेशी कंपनियों के साथ कानूनी जटिलताएं शामिल

*समिति के एक सदस्य ने पत्रकारों से कहा कि विदेशी कंपनियों के साथ समझौतों में कानूनी जटिलताएं शामिल हैं, जिसके कारण अधिक जुर्माने से बचने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना उन्हें एकतरफा रूप से रद्द करना कठिन है।*

### बांग्लादेश ने जून में 43.7 करोड़ डॉलर का किया था भुगतान

*बांग्लादेश ने जून में अदाणी पावर को 43.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जिससे उसके बकाया में उल्लेखनीय कमी आई। इससे पहले, बांग्लादेश बकाया भुगतान के लिए संघर्ष कर रहा था जिसके कारण अदाणी को आपूर्ति कम करनी पड़ी थी।*

# जीएसटी सुधार, अच्छी मांग से अक्टूबर में विनिर्माण गतिविधियां मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- पीएमआई सूचकांक 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 हुआ
- मांग ने नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती, उत्पादकता में वृद्धि और प्रौद्योगिकी निवेश के दम पर भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अक्टूबर में मजबूत हुईं। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 हो गया। यह इस क्षेत्र की स्थिति में तेजी से सुधार का संकेत देता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। भारत का विनिर्माण पीएमआई अक्टूबर में बढ़कर 59.2 हो गया जो पिछले महीने 57.7 था। मजबूत अंतिम मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया। मूल्य के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत में मामूली एवं धीमी वृद्धि हुई फिर भी मुद्रास्फीति की दर सितंबर के लगभग 12 वर्ष के उच्च स्तर के बराबर रही।

### कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई

भंडारी ने कहा, " अक्टूबर में कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई जबकि औसत बिक्री कीमतों में वृद्धि हुई क्योंकि कुछ विनिर्माताओं ने अतिरिक्त लागत का बोझ अंतिम उपभोक्ताओं पर डाल दिया।' इस बीच, अक्टूबर में रोजगार सृजन लगातार 20वें महीने जारी रहा।

### भविष्य की कारोबारी धारणा मजबूत है

भंडारी ने कहा, " भविष्य की ओर देखें तो जीएसटी सुधार और अच्छी मांग को लेकर सकारात्मक उम्मीदों से भविष्य की कारोबारी धारणा मजबूत है।''एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# बाजार में दो दिन की गिरावट थमी; सेंसेक्स 40 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में करीब 40 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के ऊपर बंद हुआ।

चुनिंदा वाहन और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक की बढ़त के साथ 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 84,127 अंक तक गया तथा नीचे में 83,609.54 अंक तक आया। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 14 लाभ में रहे। निफ्टी 41.25 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,763.35 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, नए घरेलू संकेतों के अभाव और विदेशी पूंजी निकासी के कारण उच्चस्तर पर मुनाफावसूली से बाजार सीमित दायरे में रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक लाभ में रही। अक्टूबर के बिक्री आंकड़ों के बाद कंपनी का शेयर 1.7 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) में 1.69 प्रतिशत की तेजी आई। इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.37 प्रतिशत की गिरावट आई।

इसके अलावा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन के शेयर भी नीचे आए।



- निफ्टी 25,700 अंक के पार
- वाहन और बैंक शेयरों में रही खरीदी

### तिमाही नतीजों के बाद से बाजार का प्रदर्शन बेहतर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। नए घरेलू संकेतों के अभाव में उच्चस्तर पर मुनाफावसूली देखी गई। तिमाही नतीजों के बाद से बाजार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

# कागज-रहित ढांचे से भारत के व्यापार लागत में कमी आएगी

- आईआरएस की शोध रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया
- लागत कटौती से निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत कागज-रहित व्यापार प्रणाली को व्यापक रूप से अपनाकर अपनी व्यापार लागत में बड़ी कटौती कर सकता है और इससे निर्यात प्रतिस्पर्धा में भी वृद्धि होगी। एक शोध रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। यह रिपोर्ट शोध संस्था 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद' (इक्रियर) और रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) ने संयुक्त रूप से तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र




में इस तरह की पहल से सदस्य देशों की व्यापार लागत में करीब 25 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है। 'कागज-रहित व्यापार' का मतलब व्यापारिक दस्तावेजों और सूचनाओं का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आदान-प्रदान करना है जिससे कागजी प्रक्रियाएं खत्म हो जाती हैं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सीमापार कागज-रहित व्यापार को बढ़ावा देने वाला प्रमुख ढांचा सीपीटीए है, जिसमें अब तक 16 देश शामिल हो चुके हैं। इस समझौते से जुड़ने वाले देशों को व्यापार प्रक्रियाओं में सरलीकरण, परिवहन लागत में कमी और नियामक सहयोग में सुधार का लाभ मिलता है। भारत ने 'व्यापार को सुगम बनाने वाली एकल खिड़की व्यवस्था' (स्विफ्ट) और अप्रत्यक्ष कर दस्तावेजों के इलेक्ट्रॉनिक प्रबंधन जैसे कई घरेलू सुधार किए हैं, लेकिन वह अभी तक सीपीटीए का हिस्सा नहीं बना है।

# अंबुजा सीमेंट्स के लाभ में चार गुना का इजाफा

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर चार गुना से अधिक होकर 2,302 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की इस कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 496 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के शुद्ध लाभ में 1,697 करोड़ रुपये का आयकर के लिए किए गए प्रावधान को 'पलटना' शामिल है। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 7,552 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,174 करोड़ रुपये हो गई। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ विनोद बाहेती ने कहा, यह तिमाही सीमेंट उद्योग के लिए उल्लेखनीय रही है।

# सुरक्षित निवेश की मांग घटने से सोना 300 रुपए टूटा, चांदी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मजबूत डॉलर और कम होती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय दिल्ली सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को यह 1,25,000



- सोना टूटकर 1,25,300 रुपए 10 ग्राम रहा
- चांदी 1000 रुपए बढ़कर 1,54,000 रुपए प्रति किलो

रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी शुक्रवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर पहुंच गया, जिससे सराफा कीमतों पर दबाव पड़ा।

## ओमेक्स ने हरमनप्रीत को बनाया ब्रांड एम्बैसडर



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स लिमिटेड ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के साथ पहला आईसीसी महिला विश्व कप खिताब रविवार को अपने नाम किया था। रियल एस्टेट कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि ओमेक्स ने कौर को कंपनी का ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। ओमेक्स ने कहा कि हरमनप्रीत कौर के साथ कंपनी की साझेदारी खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा ऐसे बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के उसके दृष्टिकोण को मजबूत करती है.. जो एथलीट के लिए उचित हो। हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'मुझे ब्रांड एम्बैसडर के रूप में ओमेक्स के साथ जुड़ने और एक ऐसी कंपनी के साथ आने से खुशी है जो युवाओं को सशक्त बनाने व समुदायों को मजबूत करने का काम करती है..।'

## इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स 52,800 करोड़ कर सकती है निवेश

# वोडाफोन आइडिया का अमेरिकी कंपनी लगाएगी बेड़ा पार!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूयॉर्क की इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स (टीजीएच) कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में 4-6 अरब डॉलर (करीब 35,000-52,800 करोड़ रुपये) का निवेश कर सकती है और इसका ऑपरेशनल कंट्रोल अपने हाथ ले सकती है।

- इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग वीआई का आपरेशनल कंट्रोल अपने हाथ में रख सकती हैं

इस खबर के सामने आने के बाद वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई) के शेयरों में सोमवार को पांच फीसदी का उछाल आया। रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से वाकिफ लोगों ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, यह निवेश कंपनी को भारत सरकार की तरफ से दिए जाने वाले राहत पैकेज पर निर्भर है, जिसमें एजीआर और स्पेक्ट्रम से जुड़ा बकाया शामिल है।

इसी के साथ आज बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयर बीएसई पर 5.26 प्रतिशत चढ़कर 9.19 रुपए के हाई लेवल पर पहुंच गए। पिछले तीन महीनों में शेयर में 36.46 प्रतिशत की तेजी आई है।

### सौदे पर टीजीएच प्रमोटर का दर्जा ले लेंगा

एक सूत्र के हवाले से बताया कि अगर यह सौदा होता है, तो टीजीएच प्रमोटर का दर्जा ले लेगा और मौजूदा प्रमोटरों आदित्य बिड़ला समूह और यूके की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि न्यूयॉर्क बेस्ड इंवेस्टमेंट फर्म बकाया राशि पूरी तरह से माफ कर दिए जाने की मांग नहीं कर रही है, बल्कि वह देनदारियों के पुनर्गठन की मांग कर रही है ताकि परिचालन में राहत मिल सके। टीजीएल ने सरकार को शर्तों का विस्तृत प्रस्ताव सौंपा है।

### प्रोमोटर बन जाएगी कंपनी

एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में बताया कि अगर यह सौदा होता है, तो टीजीएच कंपनी में प्रोमोटर का दर्जा लेगा और आदित्य बिड़ला ग्रुप व वोडाफोन की यूके यूनिट से कंट्रोल अपने हाथ ले लेगा। सरकार जो अभी 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ कंपनी का सबसे बड़ा शेयर होल्डर है, वह एक निषक्रिय निवेशक बनी रहेगी।

### कर्ज के बोझ तले डूबी है

अगर सरकार वोडाफोन आइडिया को राहत पैकेज दे देती है, तो डील कुछ ही महीनों में फाइनल हो जाएगी। बता दें कि टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया पर 83,400 करोड़ रुपए का एजीआर बकाया है। ब्याज और जुर्माने को लेकर कंपनी को करीब 2 लाख करोड़ रुपये चुकाने हैं। ऐसे में सरकार से राहत न मिलने की स्थिति में कंपनी दिवालिया हो सकती है।

### अक्टूबर में दफ्तरों की नौकरी में नौ प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** देश में कार्यालयों की भर्ती गतिविधियों में अक्टूबर में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई। सोमवार को जारी नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार दिवाली-दशहरा के त्योहारों के कारण नियुक्ति गतिविधियों में अस्थायी रूप से कमी आने के कारण ऐसा हुआ। नौकरी जॉबस्पीक एक मासिक सूचकांक है, जो भारतीय नौकरी बाजार में भर्ती गतिविधियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसे नौकरी डॉट कॉम के 'रिज्यूमे डेटाबेस' पर भर्ती करने वालों द्वारा नौकरी की सूचना देने और नौकरी से संबंधित खोजों के आधार पर तैयार किया जाता है।

# 'ग्रीन खेल' के जरिए पर्यावरण चेतना जगाएंगे व स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे

## यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका : आर्यवीर

अनुरोध पटेरिया ▶▶| जबलपुर

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव का जबलपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका

**भारत गोल्फ महोत्सव 8 व 9 नवंबर को जबलपुर में**

शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रायपुर में हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा।

हरिभूमि चर्चा

इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के साथ, राष्ट्रीय और सामाजिक हितों के लिए काम करना है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने 'हरिभूमि' से बातचीत में इस महोत्सव के बहुआयामी उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका है, और गोल्फ जैसे शानदार खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक प्रयास है। इस आयोजन का मुख्य केंद्र-बिंदु सामाजिक चेतना है, जिसके तहत ग्रीन खेल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

मेक इन इंडिया का प्रमोशन करने के लिए स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गोल्फ महोत्सव में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर खेल के मैदान से जोड़ना भी है। आर्यवीर ने बताया कि लोगों में बढ़ता मोटापा आज के समय की बहुत बड़ी समस्या है, लिहाजा इस समस्या के प्रति भी लोगों को जागरुक करना इस आयोजन का एक अहम उद्देश्य है।



आर्यवीर आर्या

**कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण**

### वीरभूमि पर शौर्य और खेल का संगम

उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 8 और 9 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन आर्मी क्षेत्र (एप्टा) में किया जाएगा, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस आयोजन के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि, युवा स्क्रीन से निकलकर खेल के मैदान में आएं और शारीरिक गतिविधियों को अपनाएं। आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह देश के वीर जवानों के बीच हो रहा है। इस दौरान वीर नारियों का सम्मान कर इस कार्यक्रम को और भी ज्यादा गौरवमय बनाया जाएगा।



### जुनून को सेलिब्रेट करने का आह्वान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने देश भर के खेल प्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस महोत्सव से जुड़ें। यह आयोजन सिद्ध करता है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।

## खबर संक्षेप



### मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर अदिति

**कुआलालंपुर।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से यहां मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी से पार का स्कोर बनाया। इस भारतीय गोल्फर का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। मियु यामाशिता (65), हाये जिन चोई (73) और हना ग्रीन (68) तीनों ने 18 अंडर के कुल स्कोर से प्ले ऑफ में जगह बनाई। प्ले ऑफ में जापान की यामाशिता ने बर्डी लगाकर खिताब जीता जबकि ग्रीन और चोई ने पार का स्कोर बनाया। पहले दौर से ही शीर्ष पर चल रहीं चोई अंतिम दौर में एक ओवर 73 के खराब प्रदर्शन से खिताब जीतने से चूक गईं।

### शतरंज विश्व कप : अंतिम 128 के राउंड के लिए नारायणन ने किया क्वालीफाई

**पणजी।** भारत के एसएल नारायणन ने दक्षिण अफ्रीका के स्टीवन रोजास को हराया और फिडे विश्व कप 2025 के अंतिम 128 के राउंड के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। = पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने 22 चाल में जीत दर्ज की। दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगलियान के खिलाफ टाइब्रेकर के पहले सेट के दोनों मुकाबले जीते।

### बधिरों की टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने बधिरों के लिए टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप के नौवें सत्र का उद्घाटन किया। यह चैंपियनशिप तीन से नौ नवंबर तक यहां आयोजित की जाएगी और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में केरल, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, तेलंगाना, मुंबई, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, पंजाब, ओडिशा, दिल्ली और बंगाल शामिल हैं।

## महिला विश्व कप : ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम को बधाइयों का तांता

# जीत के बाद टीम इंडिया ने गाया 'विक्ट्री सॉन्ग' ना लेगा कोई पंगा, रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा ...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में 52 रन से जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम ने अपना 'विक्ट्री सॉन्ग' गाया। बीसीसीआई विमेंस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय महिला टीम विजयी गीत गा रही है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज ने कहा, हमने चार साल पहले तय किया था कि विश्व कप जीतने के बाद ही टीम सॉन्ग जारी करेंगे। इस वीडियो में खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य गीत गा रहे हैं, "टीम इंडिया, टीम इंडिया, कर दे सबकी हवा टाइट, टीम इंडिया यहां लड़ने के लिए है, कोई ना लेगा हमको लाइट, ओओओओओ, हमारा भविष्य उज्ज्वल है साथ में चुनौती, साथ में उठेंगे, हम हैं टीम इंडिया हम साथ में जीतेंगे। ना लेगा कोई पंगा, कर देंगे हम दंगा, रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा। हम हैं टीम इंडिया।"इस विश्व कप में लगातार तीन मुकाबले गंवाने के बाद भारत को विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए अपना पहला खिताब जीता है।




### मैंने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा करना चाहती थी : दीप्ति



**मुंबई।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में खिताबी जीत की नायिकाओं में से एक दीप्ति शर्मा ने कहा कि अपनी धरती पर आईसीसी विश्व खिताब जीतना टीम की नियति में था। दीप्ति ने फाइनल में पांच विकेट लेने के साथ 58 रन भी बनाए। उन्होंने 22 विकेट लेने के साथ 215 रन बनाकर 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार जीता। दीप्ति ने कहा,' मुझे अच्छा लग रहा है। विश्व कप में पहले मैच से लेकर मैने वैसा ही प्रदर्शन किया जो एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर करना चाहती थी। फाइनल में ऐसा प्रदर्शन करने से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता ।'' विश्व खिताब के लिये लंबे इंतजार को लेकर उन्होंने कहा, ' विश्व कप जीतने में काफी समय लगा लेकिन ईश्वर ने हमारी नियति में लिखा था कि हम भारत में ही यह खिताब जीतेंगे।' उन्होंने कहा, ' डी वाई पाटिल स्टेडियम की मेरी कई सुखद यादें हैं। हमने यहां सारी श्रृंखलायें जीती है। एक टीम के रूप में हम काफी सकारात्मक रहे । नतीजा चाहे जो हो, हम एक टीम की तरह खेले।'

### अमनजोत ने वोल्वार्ट के कैच पर कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच



**नवी मुंबई।** महिला विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। भारत ने रविवार का फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर पहली बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया। अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वार्ट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वार्ट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वार्ट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया।

### महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की



क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, '1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया। आज हमारी महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की है।'' तेंदुलकर ने कहा, ''उन्होंने देश भर में अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाने, मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।'

### इतिहास रचा गया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, 'इतिहास रचा गया।



हमारी महिला खिलाड़ियों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। 140 करोड़ भारतीय इस गौरवशाली क्षण को संजो रहे हैं। बधाई हो, विश्व चैंपियन।'

### महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन : अमिताभ



बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'भारतीय महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है। बधाई, बधाई, बधाई।''

### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : कोहली

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने लिखा, 'आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आपने अपने साहसिक क्रिकेट और विश्वास से प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आप सभी प्रशंसा के हकदार हैं और इस पल का पूरा आनंद लें। शाबाश हरमन और टीम। जय हिंद।'

### आखिरकार आज सच हो गया सपना : मिताली

पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, ''विश्व चैंपियन। मैं दो दशकों से भी अधिक समय से भारतीय महिला टीम को विश्व कप ट्राफी उठाते हुए देखने का सपना देख रही थी। यह सपना आखिरकार आज रात सच हो गया। विश्व क्रिकेट की नई चैंपियनों, आपने सिर्फ एक ट्रॉफी ही नहीं जीती, आपने भारतीय महिला क्रिकेट के लिए धड़कने वाले हर दिल को जीत लिया।'

### हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व : सहवाग


भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा, 'चैंपियन। हर चौके हर विकेट, आपने अपने जज्बे से पूरे देश का दिल जीत लिया। हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व है। क्या शानदार जीत रही। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने पूरी पीढ़ी को सपना दे दिया जीतने का, लड़ने का, चमकने का।'

### टीम इंडिया को बधाई: एबी डिविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा, 'टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीका भी अपना सिर ऊंचा रखे। विश्व भर में महिला क्रिकेट फल फूल रहा है। क्या शानदार फाइनल था। क्या शानदार टूर्नामेंट था।'

## टेनिस

# डब्ल्यूटीए में सबालेंका का 500वां मैच, पाओलिनी को आसानी से हराया



एजेंसी ▶▶| रियाद

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। सबालेंका ने बेहतरीन सर्विस की और उन्होंने कुल मिलाकर 10 ऐस लगाए। इनमें पहले सेट के अंतिम गेम में लगाए गए चार ऐस भी शामिल हैं। यह सबालेंका का डब्ल्यूटीए स्तर पर 500वां मैच था, जो 70 मिनट तक चला। इसी ग्रुप में जेसिका पेगुला ने गत चैंपियन कोको गॉफ को 6-3, 6-7 (4), 6-2 से हराया। गॉफ को अपनी सर्विस में फिर से संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने 17 डबल फॉल्ट किए।

### सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी

**पेरिस।** यानिक सिनर पेरिस मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद फिर से दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने फाइनल में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-4, 7-6 (4) से हराया। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है। सिनर ने फाइनल में ब्रेक प्वाइंट का एक भी मौका नहीं गंवाया और एक भी सेट गंवाए बिना टूर्नामेंट जीता।

# आईएचपीएल के आयोजक भागे होटल में फंसे गेल और राइडर




**श्रीनगर।** कश्मीर से नई क्रिकेट प्रतिभा को खोजने के लिए एक बड़ी प्रतियोगिता के तौर पर पेश की गई इंडियन हेवन प्रीमियर लीग (आईएचपीएल) एक घोटाला साबित हुई है क्योंकि इसके आयोजक भाग गए हैं, जिससे क्रिस गेल जैसे कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण यहां एक होटल में फंस गए हैं। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बड़े धूमधाम से शुरू हुई आईएचपीएल का आयोजन मोहाली स्थित युवा सोसाइटी ने किया था। गेल, डेवोन स्मिथ, जेसी राइडर और शाकिब अल हसन जैसे पूर्व क्रिकेटरों के बड़े-बड़े बिलबोर्ड शहर में कई जगहों पर लगाए गए थे, जिनमें यह घोषणा की गई थी कि ये मेगास्टार स्थानीय खिलाड़ियों के साथ इस लीग में खेलेंगे, जो 8 नवंबर को खत्म होने वाली थी। अधिकतर मैच बख्शी स्टेडियम में खेले गए और ब्रेक के दौरान लाउडस्पीकर पर संगीत बजता रहता था।

### लीग अचानक हुई खत्म

हालांकि यह लीग शनिवार को अचानक खत्म हो गई क्योंकि खिलाड़ियों ने बकाया पैसे नहीं मिलने के कारण मुकाबलों के लिए आने से मना कर दिया। आयोजक गायब हो गए, जिससे होटल वालों को खिलाड़ियों को तब तक जाने से रोकना पड़ा जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं हो जाता। यह मामला तब सामने आया जब प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका निभा रहीं इंग्लैंड की मेलिसा जूनिपर ने कहा कि उन्हें भुगतान नहीं मिला है।

### पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगा आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने घोषणा की कि बहरीन में हाल में समाप्त हुए एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 50 हजार रुपए जबकि स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों के कोचों को भी एक-एक लाख रुपए मिलेंगे। भारत 23 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित किए गए खेलों में 48 पदकों (13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य) के साथ अंतिम तालिका में छठे स्थान पर रहा था।

# रणजी ट्रॉफी : हुडा ने मुंबई के खिलाफ मारा दोहरा शतक, कार्तिक की सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में मुंबई की टीम अपना तीसरा मैच राजस्थान के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में मुंबई पहली पारी में 254 रन बनाए, लेकिन राजस्थान की बैटिंग शानदार रही और इस टीम ने पहली पारी में दीपक हुडा के दोहरे शतक व कार्तिक शर्मा की शतकीय पारी के दम पर 6 विकेट पर 617 रन बना दिए और पारी की घोषणा कर दी।

राजस्थान ने पहली पारी में मुंबई पर 363 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और बेहद मजबूत स्थिति में नजर आई। वहीं 363 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई की टीम पूरी तरह से इस मैच में बैकफुट पर दिख रही है। राजस्थान के खिलाफ पहली पारी में मुंबई के कप्तान शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी में यशस्वी जायसवाल को आजमाया और उन्हें सफलता भी मिली।



### दीपक हुडा ने खेली 248 रन की पारी

मुंबई के खिलाफ दीपक हुडा ने कमाल की बैटिंग की और उन्होंने 335 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्के और 22 चौकों की मदद से 248 रन की शानदार पारी खेली। वहीं दीपक के अलावा कार्तिक शर्मा ने भी शतक लगाया और उन्होंने भी 3 छक्के और 13 चौकों की मदद से 139 रन बनाए। हालांकि पहली पारी में टीम के ओपनर सचिन यादव शतक लगाने से सिर्फ 8 रन से चूक गए और 92 रन के स्कोर पर वो रन आउट हो गए।

# 2026 में केरल आएंगी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम



**मलाप्पुरम।** केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहमान ने कहा कि स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल मार्च में राज्य में मैच खेलेगी। वह केरल सरकार के खेल विजन 2031 से संबंधित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले हमें अर्जेंटीना टीम से एक ईमेल मिला, जिसमें पुष्टि की गई थी कि वे मार्च में आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।' मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना की टीम के इस दौरे के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### भारत के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेलेंगे हेड

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को एशेज श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों से फारिग कर दिया गया है और वह आस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में खेलेंगे। हेड दस नवंबर से तस्मानिया के खिलाफ साउथ आस्ट्रेलिया के लिये खेलेंगे।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building),
Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, M.P.
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/273/2025 07-10-2025
BANK OF INDIA
VERSUS
M/S. JOGI TRANSPORT THROUGH ITS PROP-KULDEEP SINGH
TO,
(CD 1) M/S. JOGI TRANSPORT THROUGH ITS PROP. KULDEEP SINGH, KULDEEP SINGH TRANSPORT NAGAR, DURG, (C.G.) - 491001. Durg, CHHATTISGARH-490001.
(CD 2) KULDEEP SINGH, H.N. 412, PATANKAR COLONY, OPP. SAHU DAIRY, SANTRAWADI, DURG (C.G.) Durg CHHATTISGARH-400051.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/1463/2022 an amount of Rs. 8069171.27 (Rupees Eighty Lakhs Sixty Nine Thousands One Hundred Seventy One And Paise Twenty Seven Only) along with pendentellite and future interest @ 10.60% Simple Interest Yearly w.e.f. 24/11/2022 till realization and costs of Rs. 83000 ( Rupees Eighty Three Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally Fully Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 19/12/2025 at 10:30 am, for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 07/10/2025.
Seal
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
JABALPUR

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building),
Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, M.P.
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/260/2025 06-10-2025
BANK OF INDIA
VERSUS
M/S. J.J. INDUSTRIES KUMAR
TO,
(CD 1) MS. J.J. INDUSTRIES, KUMAR SHRI LAKSHMI DEVI, SHRI HARISH KUMAR, JASJEET INDUSTRIES, DHAUR ROAD, KHEDAMARA, JAMUL, DURG (C.G.), DURG, CHHATTISGARH-490001.
(CD 2) LAKSHMI DEVI, H. NO. 955, WARD NO. 03, NANDINI ROAD, JAMUL, DURG (C.G.), DURG CHHATTISGARH-490001.
(CD 3) SARASWATI PILLAI, H.NO. 955, WARD NO. 03. NANDINI ROAD, JAMUL, DURG (C.G.), DURG, CHHATTISGARH-490001.
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/516/2020 an amount of Rs. 6750500.52 (Rupees Sixty Seven Lakhs Fifty Thousands Five Hundred And Paise Fifty Two Only) along with pendentellite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. 10/07/2020 till realization and costs of Rs. 70000 (Rupees Seventy Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 03/12/2025 at 10:30 am. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 06/10/2025.
Seal
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
JABALPUR

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building),
Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, M.P.
DEMAND NOTICE
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/239/2025 07-10-2025
BANK OF INDIA
VERSUS
MS. KHAN CYCLES AUTO STORES THROUGH ITS PROP-MOHD SABIR KHAN Khan
TO,
(CD 1) MS. KHAN CYCLES AUTO STORES THROUGH ITS, PROP.-MOHD. SABIR KHAN, KHAN MOHD. SABIR, MOHD. KHALIL KHAN, WARD NO. 04, GOL BAZAR, TEH-. THAN-KHAMARIYA. DIST. BEMETARA (C.G.)-491335, BEMETARA, CHHATTISGARH
(CD 2) MOHD. SABIR KHAN, WARD NO.14, MUSALMAN MOHALLA. THANKHAMARIYA TEH. THANKHAMARIYA, DISTRICT BEMETARA(C.G.) BEMETARA CHHATTISGARH-0
(CD 3) MOHD. ZUBAIR ALAM, D-5. SIMRAN CITY, CHORASIYA COLONY, SANTOSHI NAGAR, RAIPUR (CG). RAIPUR CHHATTISGARH-0
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/692/2023 an amount of Rs. 4539186.92 (Rupees Forty Five Lakhs Thirty Nine Thousands One Hundred Eighty Six and Paise Ninety Two Only) along with pendentellite and future interest @11.20% Simple Interest Yearly w.e.f. 01/04/2023 till realization and costs of Rs. 48000 (Rupees Forty Eight Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally Fully Limited)
2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 08/12/2025 at 10:30 am. for further proceedings.
5. In addition to the sun aforesaid, you will also be liable to pay
(a) Such interests us is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings
(b) All coats, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 07/10/2025.
Seal
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL
JABALPUR




# तेज चमक और नीला रंग...सूर्य के करीब पहुंचते ही क्यों बदला 3I/एटलस का रंग?

**वॉशिंगटन।** बुधवार 29 अक्टूबर को अंतरिक्ष यान ने अंतरतारकीय धूमकेतु 3I/एटलस की चमक में अचानक और तेजा से हुई बढ़ोतरी को देखा। यह तब हुआ जब धूमकेतु सूरज के सबसे करीब पहुंचा था। इस धूमकेतु के असामान्य व्यवहार ने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर एवी लोएब ने इस सप्ताह की शुरुआत में न्यूजवीक को बताया था कि सूर्य के सबसे पास धूमकेतु का व्यवहार एक एसिड टेस्ट की तरह होगा। यह टेस्ट जानने में मदद करेगा कि क्या यह धूमकेतु किसी दूसरे ग्रह के अंतरिक्ष यान के लक्षण दिखाता है।

## कितनी थी इसकी चमक?

वैज्ञानिकों ने बताया कि लासको उपकरण से लिए गए रंगों के माप से पता चला कि यह धूमकेतु सूरज से भी अधिक नीला दिखाई दे रहा है। इसका मतलब है कि जब धूमकेतु सूर्य के करीब था तो गैस का निकलना ही इसकी चमक में मुख्य भूमिका निभा रहा था। जांच से यह नतीजा निकला कि सूर्य के पास से गुजरने के बाद धूमकेतु पहले से अधिक चमकीला दिखाई देगा शायद तेज गैस उत्सर्जन के कारण।

## क्यों हुआ इसका जिक्र?

इस साल जुलाई में खोजे गए इस अंतरतारकीय पिंड धूमकेतु 3I/एटलस का अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक प्रीप्रिंट रिपोर्ट में इसकी चमक में हुई बढ़ोतरी का जिक्र किया है। वैज्ञानिकों ने कहा कि धूमकेतु 3I की चमक में अचानक हुई बढ़ोतरी का कारण अभी भी साफ नहीं है।



## वैज्ञानिकों ने इसके बारे में क्या कहा?

प्रोफेसर लोएब ने कहा कि सूर्य के सबसे करीब दिखने वाला इसका नीला रंग इस रहस्यमय धूमकेतु की नौवीं असामान्य विशेषता मानी जानी चाहिए. लोएब ने बताया कि, पहले रिकॉर्ड की गई 8 असामान्य विशेषताओं को देखते हुए उन्होंने धूमकेतु 3I/एटलस को अपने लोएब स्केल पर 10 में से 4 अंक दिए. यह स्कोर इसकी तकनीकी उत्पत्ति की संभावना की ओर इशारा करता है।

## क्या इससे धरती को खतरा है?

यह भी देखा गया कि इस धूमकेतु का केंद्रक अन्य ज्ञात धूमकेतुओं की तुलना में बहुत बड़ा है। इसका आना ऐसे समय हुआ कि यह मंगल शुक्र और बृहस्पति ग्रहों के बहुत करीब से गुजरा. हालांकि, जब यह सूर्य के सबसे करीब था तो यह पृथ्वी से दिखाई नहीं दे रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार नासा ने साफ किया है कि धूमकेतु 3I/एटलस से धरती को कोई खतरा नहीं है और यह सुरक्षित दूरी पर ही रहेगा।

# कनाडा के वैज्ञानिकों ने चखा 260 करोड़ साल पुराने पानी का स्वाद



ओटावा। कनाडा की एक खदान के मीलों नीचे वैज्ञानिकों ने अनोखी खोज की है, वह है अरबों साल पुराना पानी। इस खोज से वैज्ञानिक हैरान रह गए हैं, ना सिर्फ इसलिए कि यह पानी बहुत पुराना है, बल्कि इसलिए भी कि इसने खुलासा किया है कि असंभव लगने वाली जगहों पर भी जीवन हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस खोज में धरती की गहरी जैवमंडल की हमारी समझ को बदल दिया है और यह हमारे ग्रह से बाहरी जीवन की संभावनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

## कैसे हुई यह खोज?

2016 में प्रोफेसर बारबरा शेरवुड लोलर के नेतृत्व में भूवैज्ञानिकों की टीम धरती के छिपे जीवन के बारे में जानने के लिए एक कनाडाई खदान में लगभग 3 किमी नीचे गई. उन्हें जो भी मिला वह उम्मीद से ज्यादा था। टीम को वहां मिला बहता हुआ पानी जो लगभग 2.6 अरब सालों से चट्टान के अंदर बंद था। यह पानी किसी शांत तालाब की तरह नहीं था, बल्कि चट्टान से सक्रिय रूप से उबल रहा था।

## कैसे हुई इसकी खोज?

प्रोफेसर शेरवुड ने बताया कि, जब लोग इस पानी के बारे में सोचते हैं तो उन्हें लगता है कि यह चट्टान के अंदर फंसा होगा। लेकिन, असल में यह सीधे ऊपर की ओर उबल रहा है और लीटर प्रति मिनट की दर से बह रहा है जो उम्मीद से ज्यादा है। नेचर पत्रिका में छपे अध्ययन में टीम ने ना केवल इस पानी की उम्र बताई बल्कि इसकी रासायनिक जीवन शक्ति की भी जांच की।



## खोज से क्या जानकारी मिली?

इस खोज से वैज्ञानिकों को एक आत्मनिर्भर जीवन तंत्रदेखने का दुर्लभ मौका मिला है जो सूर्य के प्रकाश से पूरी तरह अलग होकर विकसित हुआ। वैज्ञानिकों ने पाया कि रसायन अभी भी सक्रिय था। यह धरती की प्राचीन पपड़ी का ऐसा टाइम कैप्सूल है जो हमें यह समझने में मदद करता है कि बिना सूरज की रोशनी वाली मुश्किल हालातों में जीवन कैसे टिका रह सकता है।

## आम समुद्र के पानी से भी कहीं ज्यादा नमकीन था

प्रोफेसर शेरवुड लोलर ने इसके स्वाद का पता लगाने के लिए इसे खुद पीने का फैसला किया। इसका स्वाद चखने के बाद उन्होंने कहा कि यह पानी बेहद नमकीन और कड़वा था। यह आम समुद्र के पानी से भी कहीं ज्यादा नमकीन था। यह इस बात का सबूत है कि यह पानी करोड़ों-अरबों सालों से खनिजों के साथ मिलता रहा है।



## खोज के दौरान क्या-क्या मिला?

इस पुराने पानी में सल्फेट के कुछ अंश मिले जिसने यह साबित किया कि करोडों सालों में यहां सूक्ष्मजीवों की गतिविधियां चल रही थीं। प्रोफेसर शेरवुड और उनकी टीम ने उन रासायनिक निशानों की जांच की जो सूक्ष्मजीवों को पीछे छोड़ रहे थे। यह खोज धरती के बाहर के जीवन के लिए बहुत मायने रखती है। इतनी अंधेरी और भारी दबाव वाले हालात में सूक्ष्मजीवों का जीवित रहना बताता है कि मंगल, यूरोपा या एन्सेलाडस जैसी जगहों के नीचे जीवन हो सकता है।

## खत्म करनी पड़ी सालों पुरानी परंपरा!

# फांसी से पहले कैदी ने कर डाली अनोखी डिमांड, हिल गया पूरा जेल विभाग

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

कहते हैं, मौत से पहले हर इंसान की आखिरी ख्वाहिश पूरी करने की कोशिश की जाती है। क्योंकि, वह जिंदगी के उस अंतिम पड़ाव पर होता है, जहां चाहतें सिर्फ यादों में रह जाती हैं. चाहे वो अपने प्रिय भोजन का स्वाद लेना हो, किसी खास को आखिरी बार देखना हो या बस कुछ पल उसके साथ शांति से बिताना हो. यही वजह है कि अमेरिका की जेलों में मौत की सजा पाने वाले कैदियों को फांसी से एक रात पहले अपनी पसंद का आखिरी खाना ऑर्डर करने का हक दिया जाता था। लेकिन, एक कैदी ने अपनी अनोखी और विवादित डिमांड से यह कई सालो से चलती परंपरा को ही खत्म कर दी। दरअसल, यह घटना 21 सितंबर 2011 की है, जब 44 साल के लॉरेंस रसेल ब्रूअर नाम के कैदी को एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में सजा-ए-मौत दी गई थी. उसे अपने अपराध पर जरा भी पछतावा नहीं था, बल्कि फांसी से पहले उसने ऐसा कदम उठा लिया जिसने टेक्सास की जेल प्रणाली को पूरी तरह हिला कर रख दिया।

## लास्ट मील के नाम पर की अजीब मांग

ब्रूअर को परंपरा के तहत अपनी पसंद का आखिरी खाना मांगने की अनुमति दी गई। लेकिन, उसने जो लिस्ट दी, उसने जेल अधिकारियों को हैरान कर दिया। उसने अपने आखिरी भोजन में ट्रिपल मीट बेकन चीजबर्गर, मीट लवर्स पिज्जा, बीफ और सब्जियों से भरा चीज ऑमलेट, तीन फजीता ( ग्रिल किया हुआ मांस), दो चिकन फ्राइड स्टेक्स ग्रेवी और प्याज के साथ, एक बड़ा बाउल ओकरा और केचप, एक पाउंड बारबेक्यू मीट, आधी रोटी, पीनट बटर फज विद क्रश्ड पीनट्स, एक पिंट आइसक्रीम और सबसे आखिरी में तीन रूट बीयर की डिमांड कर डाली। जेल के किचन स्टाफ ने उसकी पूरी लिस्ट के हिसाब से खाना तैयार किया। लेकिन, जब खाने का समय आया, तो ब्रूअर ने बहुत ही ठंडे मन से कहा- 'मुझे भूख नहीं है।'



## जेल प्रशासन का बड़ा फैसला

यह सुनकर जेल के अधिकारी गुस्से में आ गए। इतने खर्च और मेहनत के बाद भी ब्रूअर ने एक कौर नहीं खाया। इस हरकत ने पूरे टेक्सास जेल सिस्टम को झकझोर के रख दिया। सिर्फ कुछ घंटों में ही टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल जस्टिस ने फैसला सुनाया अब से किसी भी कैदी को 'आखिरी भोजन की विशेष डिश' की अनुमति नहीं होगी। अब सभी कैदियों को सामान्य कैदियों जैसा ही खाना दिया जाएगा, चाहे वह फांसी से पहले का आखिरी भोजन ही क्यों न हो। टेक्सास के सीनेटर जॉन व्हिटमायर ने कहा- 'किसी अपराधी को यह विशेष सुविधा देना बिल्कुल गलत है। जिस व्यक्ति ने हत्या की, उसने अपने शिकार को कोई विकल्प नहीं दिया। इसलिए उसे भी यह विशेषाधिकार नहीं मिलना चाहिए। उनके इस बयान के बाद से टेक्सास में लास्ट मील की परंपरा हमेशा के लिए खत्म कर दी गई।

# इसरो ने दिखाया स्पेस में एस 200 का रोमांचक वीडियो

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

धरती से लेकर आसमान तक, संडे (2 नवंबर) का दिन भारत के लिए खुशियां और गौरव का क्षण लेकर आया। शाम को पहले इसरो ने नई पीढ़ी के एलवीएम3-ए5 'बाहुबली' रॉकेट से अब तक का सबसे भारी नेवल सीएमएस-03 कम्युनिकेशन सैटलाइट स्पेस में पहुंचाया तो रात में खेल के मैदान पर बेटियों ने देश को चैंपियन बना दिया। रात में महिला विश्वकप जीतने के बाद जो जश्न शुरू हुआ वो सुबह तक चलता रहा। उधर, इसरो ने लॉन्च के कुछ घंटे बाद वीडियो के जरिए दिखाया है कि जब अपना रॉकेट स्पेस में पहुंचा तो वहां कैसा नजारा दिखाई दिया। उसने S200 का प्रदर्शन भी दिखाया है।

टीवी या यूट्यूब समेत तमाम प्लेटफॉर्म पर लॉन्च का सीधा प्रसारण तो पूरी दुनिया ने देखा होगा, लेकिन कुछ देर बाद दो हिस्से जलते हुए धरती की तरफ लौटे थे, इसरो ने देर रात में यह घटना वीडियो के जरिए दिखाई। वास्तव में ये दो एस200 सॉलिड रॉकेट बूस्टर थे जो कुछ देर बाद अलग हो जाते हैं। इसके बाद के तीसरे चरण में एल110 लिक्विड स्टेज की प्रक्रिया शुरू होती है। कुछ सेकंड के लिए सॉलिड बूस्टर और लिक्विड कोर स्टेज दोनों



एक साथ फायर हो रहे होते हैं जिससे व्हीकल को ताकत ज्यादा मिलती है। एस200 के अलग होने के बाद एल110 स्टेज की भूमिका अहम हो जाती है। इसके बर्न होने के समय ऊंचाई करीब-करीब 115 किमी पहुंच चुकी होती है। इसरो ने 2 नवंबर की रात साढ़े 10 बजे के करीब इस प्रक्रिया का वीडियो दिखाय। 38-39वें सेकेंड में आप सॉलिड रॉकेट बूस्टर को अलग होते देखेंगे। (नीचे वीडियो देखिए) इसके बाद ऑनबोर्ड कैमरे से रोमांचक वीडियो देखने को मिलता है। ठीक वो पल दिखाई देता है जब रॉकेट से चिपके दो बूस्टर S200 अलग हो रहे होते हैं। इसके बाद ऑपरेशन थिएटर में लगी लाइटों की तरह कुछ जगमगाता दृश्य आता है। पीछे पृथ्वी साफ देखी जा सकती है। अब पेलोड अलग हो रहा होता है। सैटलाइट के अलग होने का गोल्डेन नजारा बाद में दिखाई देता है।

## एस200 यानी इसरो की पावर

एस 200 एक पावरफुल सॉलिड रॉकेट बूस्टर है, जिसे इसरो ने विकसित किया है। इसे प्रक्षेपण के लिए जरूरी जबरदस्त थ्रस्ट प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भारी पेलोड की लॉन्चिंग के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, जिसमें गगनयान मिशन भी शामिल है। एस200 इसरो की भारी-भरकम प्रक्षेपण ताकत को दिखाता है।

# दो हिस्सों में बंटने लगा है अफ्रीका महाद्वीप धरती पर नए महासागर का हो रहा निर्माण

**वॉशिंगटन।** अफ्रीका महाद्वीप में घटी घटना ने दुनियाभर के भूगर्भ वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि टेक्टोनिक फोर्स ने अफ्रीका भू-भाग को दो भाग में बांटना शुरू कर दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब यह नजर आने लगा है। इसके साथ ही अफ्रीका महाद्वीप के टूटने के अलावा बीच में एक नए महासागर का निर्माण शुरू हो गया है। पूर्वी अफ्रीका में यह बड़ी घटना घट रही है। यहां पर तीन प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों का मिलन होता है और धीरे-धीरे अलग हो जाती हैं।

रिसर्चर वैज्ञानिक डॉ. रोसालिया नेवे ने एविडेंस नेटवर्क में लिखे एक लेख में बताया है कि पूर्वी अफ्रीका में महाद्वीप के टूटने के निशान नजर आने लगे हैं। उन्होंने इस विभाजन




को 'ग्रेट रिफ्ट वैली' बताया है। यह वैली उत्तर से दक्षिण तक लगभग 6,000 किलोमीटर तक फैली है। इस इलाके में धरती की सतह धीरे-धीरे फट रही है और नीचे से उठती हुई गर्म मैग्मा परतों के कारण यह प्रक्रिया को और तेज हो रही है। इस भूगर्भीय कहानी के किलिमंजारो जैसे विशाल ज्वालामुखी पर्वत सबूत हैं। यह करीब 2.5 करोड़ वर्षों से जारी महाद्वीपीय परिवर्तन का प्रतीक हैं।

# इन देशों में मिलते हैं उड़ने वाले सांप ऊपर से गुजरने पर घट जाती है लंबाई?

**नई दिल्ली।** भारत में सांपों की ऐसी 69 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो बेहद खतरनाक होती हैं। इनमें 29 समुद्री सांप हैं, तो वहीं 40 जमीन पर रहने वाले हैं। आपने भी उड़ने वाले सांपों के बारे में सुना होगा। इन्हें वैज्ञानिक रूप से क्राइसोपेलिया कहा जाता है, जो काफी आकर्षक जीवों में से एक हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह सांप मुख्य रूप तौर पर दक्षिण पूर्व



एशिया और भारत के कुछ इलाकों के घने जंगलों में मिलते हैं। इस अनोखी प्रजाति में हवा में उड़ने की क्षमता का विकास हुआ है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com